卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 332 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦13 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। सुप्रीम कोर्ट से आबकारी नीति घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने



शुक्रवार को दो याचिकाओं पर फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आबकारी नीति भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को नियमित जमानत देने का फैसला सुनाया। इस संबंध में न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने उनके फैसले पर सहमति जताई। कोर्ट ने केजरीवाल को 10 लाख रुपये के मुचलके और दो जमानत राशियों पर जमानत दी। सीबीआई की गिरफ्तारी से जुड़ी याचिका पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अपीलकर्ता की गिरफ्तारी अवैध नहीं थी। ईडी मामले में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी। ऐसे में अब उनके जेल से बाहर आने (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार खाई में गिरने से दो की मौत, चार घायल

देहरादून(उद संवाददाता)। मसूरी मार्ग पर मैगी प्वाइंट के पास शुक्रवार सुबह नोएडा से मसूरी घूमने आए पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी। हादसे में दो पर्यटकों की मौत हो गयी। जबकि चार लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सुबह 112 से सूचना प्राप्त हुई कि मसूरी के निकट एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गया है। सूचना पर पोस्ट






सहस्त्रधारा के प्रभारी एएसआई विजेंद्र कुड़ियाल के नेतृत्व में तत्काल एसडीआरएफ टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। खाई में गिरी कार में कुल छह लोग सवार थे। इनमें से तीन व्यक्ति स्वयं वाहन से बाहर निकलकर सुरक्षित सड़क तक आ गए थे। इन्हें मामूली चोटें आई थीं, लेकिन बाकी तीन व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त वाहन में ही फंसे हुए थे। तीन की हालत नाजुक बताई जा रही थी, जिनमें से दो ने दम तोड़ दिया। एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम द्वारा जिला पुलिस व फायर सर्विस के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए खाई में उतरकर एक घायल व्यक्ति को बाहर निकाला गया। दो शवों को मुख्य मार्ग तक पहुंचाकर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया।मृतकों की पहचान 32 वर्षीय वाहन चालक अनिल कुमार पुत्र बालेराम निवासी सेक्टर 134 , नोएडा, जिला गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश और 31 वर्षीय अजय पुत्र छत्रपाल निवासी चोला चौकी बुलंदशहर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। जबकि घायलों में 29 वर्षीय चोला चौकी बुलंद शहर निवासी – गुल्लू पुत्र बालेराम , 30 वर्षीय राजू पुत्र रविंद्र निवासी नगली बजितपुर , सेक्टर 135 नोएडा, 28 वर्षीय मोनू पुत्र चरण सिंह निवासी ढकोली थाना बीवी नगर बुलंदशहर और 27 वर्षीय सुभाष पुत्र संजय निवासी सेक्टर 134 नगली थाना एक्सप्रेस नोएडा गौतम बुद्ध नगर के रूप में हुई है।

## दुकान से लाखों के मोबाइल चोरी

गदरपुर (उद संवाददाता)बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने एक मोबाइल की दुकान पर निशाना साधते हुए लाखों रुपए के मोबाइल और जरूरी सामान चोरी कर लिया सूचना मिलने थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान टीम के साथ पहुंचे और दुकान स्वामी से घटना से संबंधित जानकारी ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह 9बजे तुषार बाला पुत्र तुलसी वाला रोजाना की तरह अपनी अशोका स्वीट्स के बराबर में स्थित अपनी दुकान बालाजी टेलीकॉम में दुकान खोलने पहुंचा। शटर खोलते ही तुषार बाला के होश उड़ गए। उसने देखा कि उसकी दुकान का सारा सामान अस्त व्यस्त. (शेष पृष्ठ सात पर)






## मिठाई में निकला कॉकरोच ,मचा हड़कंप

गदरपुर(उद संवाददाता)ऊंची दुकान फीका पकवान यह कहावत तो आपने सुनी ही होगी लेकिन ऊंची दुकान की मिठाई में जब मिठास की जगह कोकरोच निकल जाये तो उसमें मिठास कहा से आ सकती है। ऐसा ही मामला गदरपुर की एक मिठाई की दुकान में सामने आया है। आप भी अगर मिठाई खाने के शौकीन हैं तो चौकन्ने हो जाइए और आप गदरपुर से मिठाई ले रहे हैं तो पूरी जांच पड़ताल के बाद ही मिठाई खरीदें वरना ऐसे खतरनाक कीड़े मकोड़े मिठाई के अंदर पाए जाने पर आपकी सेहत बिगड़ सकती है। गदरपुर मेन रोड पर स्थित मिठाई की दुकान है जहां से एक ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहक ने छेना टॉस मिठाई खरीदी थी। छेना टॉस खरीद कर जब ग्राहक अपने घर पहुंचा तो उन्होंने वह अपने परिवार के साथ बैठकर खाना शुरु कर दिया, तभी छेना टॉस के अंदर मरा हुआ कॉकरोच देखकर ग्राहक और उसके परिवार के होश उड़ गए और घर में हड़कंप मच गया। तभी आनन–फानन में ग्राहक मिठाई में निकले कॉकरोच की शिकायत लेकर मिठाई के शोरूम पर पहुंचा ,तो वहां मौजूद मिठाई शोरूम के जिम्मेदारों ने शिकायत को गंभीरता से लेने के बजाय टाल मटोल कर दी। समाचार (शेष पृष्ठ सात पर)



## मूसलाधार बरसात ने लोगों की बढ़ाई मुश्किलें

### कल्याणी नदी फिर उफान पर, जगह जगह हुआ जल भराव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मानसून की वर्षा ने जाते जाते एक बार फिर अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले तीन दिन से लगातार हो रही बरसात से जहां भराव हों जाने से लोगों की परेशानियां निरंतर बढ़ने लगी हैं। गत रात्रि एक बार फिर कल्याणी नदी के आस पास के आवासीय क्षेत्रों सहित अन्य कई कालोनियों में घरों व दुकानों के भीतर जा रहा है। कल्याणी नदी के किनारे व बीच में निवास करने वाले लोग संभावित खतरे को देखते हुए घबराकर जरूरी सामान व बसे लोगों के घरों में पानी आ जाने से उनमें हड़कम्प मचा हुआ है। विशेषकर मुखर्जी नगर, भूतबंगला, जगतपुरा, तीनपानी डाम क्षेत्र, शिवनगर, आजादनगर, खेड़ा, संजय







कल्याणी एक बार फिर से उफान पर पहुंचने लगी है तो वहीं नगर व निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर जल कालोनियों में बरसात ने अपना कहर बरपाया है। विगत दिवस से हो रही बरसात का पानी कई आवासीय परिवार को लेकर सुरक्षित स्थानों की ओर रवाना होना शुरू हो गये हैं। अनेक स्थानों पर कल्याणी नदी के किनारे व बीच में नगर व रम्पुरा के निचले इलाके में जल भराव हुआ है। जहां हजारों लोग जलभराव से प्रभावित हुए हैं। (शेष पृष्ठ सात पर)

## सर्प दंश से मासूम बच्ची की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गत रात्रि निकटवर्ती ग्राम सम्पतपुर में घर में सोई मासूम बच्ची की सर्पदंश से मौत हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम सम्पतपुर निवासी ललित पासवान बरसात के दौरान घर का सामान सुरक्षित स्थान पर रख रहे थे । उन्होंने जब अपनी 6 वर्षीय पुत्री प्रियंका को उठाना चाहा तो वह बेसुध अवस्था में मिली। जिससे परिजनों में हड़कम्प मच गया। पुत्री को देखने पर पता लगा कि उसके हाथ पर सांप ने डस लिया है। उसे उपचार के लिए तत्काल समीपवर्ती एक वैद्य के पास ले गये। जहां कोई आराम न मिलने पर मध्य रात्रि उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्रियंका को मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका प्रियंका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## कई पेड़ और विद्युत पोल धराशायी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारी वर्षा के दौरान अनेक स्थानों पर पेड़ों के साथ ही विद्युत पोल गिर जाने से जहां विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है तो वही काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा। गत रात्रि गंगापुर मार्ग पर वर्षा के साथ चल रही तेज हवाओं के बीच एक पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गया। उसके साथ्ज्ञ समीप स्थित विद्युल पोल भी सड़क पर आ गिरा। हालांकि इस दौरान वहां कोई मौजूद नहीं था जिससे एक बड़ी घटना होने से बच गई लेकिन यातायात बाधित हो जाने और विद्युत आपूर्ति भंग हो जाने से लोगों की परेशानियां बढ़ गईं। इसके अतिरिक्त नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर भी पेड़ गिरे हैं। विद्युत(शेष पृष्ठ सात पर)



## विवेचना में लापरवाही बरतने पर दरोगा निलंबित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने काशीपुर सर्किल क्षेत्र के एक दरोगा को विवेचना में लापरवाही पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरोगा पर पांच माह से अधिक समय तक विवेचना लंबित रखने का आरोप है। एसएसपी कार्यालय से जारी सूचना के मुताबिक एसएसपी ने दरोगा मनोज जोशी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में क्षेत्राधिकरी काशीपुर को विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। एसएसपी ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि किसी भी विवेचक द्वारा विवेचना को बिना किसी वजह के लंबित रखा जाता है तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। दरोगा पर पांच माह से अधिक समय तक विवेचना को लंबित रखने का आरोप है। इसी के चलते एसएसपी ने कार्रवाई की है। इधर एसएसपी की कार्रवाई से जनपद में पुलिस महकमें में हड़कंप मचा है। पुलिस सूत्रों की मानें तो जिन जिन दरोगाओं पर विवेचनाएं लंबित है, वह उन्हें निपटाने में लग गए हैं। ताकि कहीं उन्हें एसएसपी की सख्ती का शिकार न होना पड़े।



# लगातार बारिश और भूस्खलन से 168 मार्ग बंद, बर्फबारी से लुढ़का पारा

## कई जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट, सभी जिलों में स्कूल बंद, यात्रियों से सतर्क रहने की अपील

देहरादून। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में शुक्रवार को भी भारी से भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं राज्य के कई जिलों में पिछले तीन दिन से बारिश का दौर जारी हैं। नैनीताल और ऊधमसिंहनगर जनपद में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून वैज्ञानिकों ने संवेदनशील इलाकों में सतर्कता से रहने की हिदायत दी है। बारिश के चलते बदरीनाथ हाईवे पर पर्थाडीप भूस्खलन क्षेत्र में मलबा आने से करीब छह घंटे तक वाहनों की आवाजाही थमी रही। इस दौरान बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की तीर्थयात्रा पर जा रहे और यात्रा कर लौट मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार भारी से भारी बारिश की चेतावनी के चलते प्रदेश के सभी जिलों में शुक्रवार को स्कूल बंद रखने का फैसला लिया गया है। जिला प्रशासनों ने बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर 12वीं तक के सभी तरह के स्कूल बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। उत्तरकाशी और बागेश्वर में छह-छह और ऊधम सिंह नगर में दो मार्ग बंद हैं। मार्ग बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। वहीं लोक निर्माण विभाग के अनुसार, बाढ़ और बारिश से अब तक 50 पुलों को नुकसान पहुंचा है। इसमें 15 पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि 35 पुल आंशिक क्षतिग्रस्त हैं। और यमुनोत्री धाम की पहाड़ियों पर बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। चारों धाम में भारी वर्षा के साथ ही ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। चमोली जिले में बुध वार रात से गुरुवार देर शाम तक वर्षा होती रही। इसके साथ ही बदरीनाथ ध विभाग ने शुक्रवार को भी भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने 13 सितंबर को जनपद में 12वीं तक के सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया है। बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कमेडा के पास हुए लैंडस्लाइड के कारण मार्ग अवरुद्ध हो







समेत हरिद्वार, पौड़ी, बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि उत्तरकाशी, टिहरी, चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ के कुछ इलाकों में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन सभी जिलों में तेज हवा चलने के साथ कई दौर की भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम रहे लगभग 750 श्रद्धालुओं के वाहनों के पहिए थम गए। हाईवे के न खुलने पर पुलिस प्रशासन की ओर से वाहनों की आवाजाही नंदप्रयाग-सैकोट- कोठिया लसैंण सड़क से करवाई गई, जिसके बाद श्रद्धालु अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। बदरीनाथ हाईवे पर्थाडीप में बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। यहां करीब 250 मीटर हिस्से में पहाड़ी से भूस्खलन और भूधंसाव हो रहा है। राज्य में बारिश और भूस्खलन से 168 मार्ग बंद हैं। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, बार्डर रोड से लेकर ग्रामीण मोटर मार्ग शामिल हैं। सबसे अधिक प्रभावित चमोली जिला है। यहां पर 29 ग्रामीण मोटर मार्ग, एक राज्य मार्ग और एक मुख्य जिला मार्ग बंद है। चंपावत में 22, नैनीताल में 20, पिथौरागढ़ में 19, टिहरी में 17, रुद्रप्रयाग में 15, पौड़ी गढ़वाल में 13, अल्मोड़ा में नौ, देहरादून में आठ, लोनिवि ने मार्गों, सेतुओं और भवनों को पूर्व की स्थिति में लाने के लिए 35,008.67 लाख खर्च होने का अनुमान लगाया है। वहीं उत्तराखंड में लगातार बारिश के बीच ऊंची चोटियों पर बर्फबारी शुरू हो गई है। बदरीनाथ हेमकुंड साहिब और नीती-मलारी घाटी में बर्फबारी से ठंड का एहसास हो रहा है। चमोली जिले में ऊंची चोटियों पर बर्फबारी के बाद पारा लुढ़क गया है। उत्तरकाशी में भी गंगोत्री ाम, हेमकुंड साहिब और नीती-मलारी घाटी में बर्फबारी होने से ठंड का एहसास होने लगा है। बीते दिन बदरीनाथ और केदारनाथ धाम की ऊंची चोटियों पर सीजन की पहली बर्फबारी हुई थी। उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की पहाड़ियों पर गुरुवार को सीजन का पहला हिमापत हुआ। बर्फबारी का दृश्य देख श्रद्धालु भी खासे उत्साहित हैं। उत्तरकाशी जिले में मौसम विज्ञान गया है, जिससे यात्रियों और स्थानीय निवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संकट के दौरान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया है। पुलिस के जवानों द्वारा वहां मौजूद लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत सुरक्षित स्थानों की ओर निर्देशित किया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जाए और लोगों को सुरक्षित रखा जाए।

## सीएम ने अधिकारियों को दिये अलर्ट रहने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस से लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आपदा परिचालन केन्द्र देहरादून से वर्चुअल बैठक लेते हुए सभी जिलाधिकारियों को पैनी नजर रखते हुए अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये। उन्होने कहा आपदा, बाढ़, जल भराव, भू कटाव वाले क्षेत्रों में टीमे तैनात रखे व नदी, नालों के जल स्तर पर भी नजर रखी जाये तथा नदी नालों के जल स्तर बढ़ने से पहले ही उनके जद में आने वाले क्षेत्रों से परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि जनपद के सभी क्षेत्रों में औसतन लगभग 100 मिमी0 वर्षा हुई है तथा सभी नदियों, जलाशयों का जल स्तर भी खतरे के निशान से नीचे है। जनपद में कोई जनहानि व पशुहानि नही है स्थिति सामान्य है। उन्होने बताया कि खटीमा क्षेत्र के खेतलसण्डा खाम में गिरने से सड़क मार्ग अवरूद्ध हुए थे जिन्हे खोल दिये गये है, एक राज्य मोटर मार्ग व एक ग्रामीण मोटर मार्ग बंद हुए कारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार



एहतियात के तौर पर 07 परिवारों को विस्थापित किया गया है जिन्हे भोजन, पानी की व्यवस्था भी की गयी है। उन्होने बताया कि कुछ स्थानों पर पेड़ है, वैकल्पिक सड़क मार्ग से यातायात बहाल किया गया है। उन्होने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिस हो रही है इसलिए सभी आपदा टीमों व अधि जोशी, उप जिलाधिकारी गौरव चटवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 एसबी पाण्डे, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि मौजूद थे।

## पेयजल एवं स्वच्छता से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

देहरादून। सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्तराखण्ड शासन, श्री शैलेश बगोली की अध्यक्षता में सचिवालय में पेयजल एवं स्वच्छता से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान श्री शैलेश बगोली ने उत्तराखण्ड पेयजल निगम, उत्तराखण्ड जल संस्थान एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए विशेष निर्देश दिए। बैठक में सचिव, पेयजल ने निर्देश दिए कि सभी नगरों का आंकलन कर, यह कार्ययोजना तैयार किए जाए ताकि किन-किन नगरों में एसटीपी और किन नगरों में एफएसटीपी की स्थापना की जानी है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी नगर का सीवरेज अपशिष्ट बिना उपचारित न रहे। इसे या तो एसटीपी में अथवा एफएसटीपी/सह-उपचार (को-ट्रीटमेंट) में सेप्टेज प्रबंधन द्वारा उपचारित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन नगरों में एसटीपी अथवा एफएसटीपी की आवश्यकता है, उनका विस्तृत विश्लेषण कर डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार कर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। इसके साथ ही राज्य में संचालित प्रगतिशील कार्यों की प्रगति रिपोर्ट गति शक्ति पोर्टल पर अपलोड की जाए। सचिव पेयजल ने निर्माण कार्यों में शीघ्रता लाने तथा कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किए जाने की आवश्यकता बताई गई। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, छोटे और पर्वतीय नगरों में सेप्टेज प्रबंधन को प्रोत्साहित किया जाए।

## चौथी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेस की तैयारियों को लेकर सीएस ने दिए निर्देश

### गर्भवती महिलाओं को मिलेगी एम्स की हेली इमरजेंसी मेडिकल सेवाओं की सुविधा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में आगामी नवंबर माह में आयोजित होने वाले चौथी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेस की तैयारियों के सम्बन्ध में शासन एवं सभी जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान जानकारी दी गई कि आगामी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस की तैयारियों के दृष्टिगत नोडल अधिकारी नामित कर दिए गए हैं। बैठक में मुख्य सचिव ने आगामी कॉन्फ्रेंस के लिए नोडल अधिकारियों को मैन्युफैक्चरिंग, ग्रामीण गैर कृषि, शहरी विकास, रिन्यूएबल एनर्जी तथा सर्कुलर इकोनॉमी पर अपने फीडबैक नोट्स 20 सितम्बर तक नियोजन विभाग को प्रेषित करने की डेडलाइन दी है। इसके साथ ही सीएस ने राज्य विशेष के सम्बन्ध में नोट्स शासन को भेजने के लिए 25 सितम्बर तक का समय दिया है। मुख्य सचिव ने सभी आईएएस एवं पीसीएस अधिकारियों के साथ ही विभागाध्यक्षों तथा विभागीय अधिकारियों को अपने फील्ड अधिकारियों से फीडबैक लेते हुए फीडबैक नोट्स बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने जिले के जिलाधिकारियों को फीडबैक नोट्स तैयार करते समय अपने अधीनस्थ व फील्ड अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के



निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेष रूप से नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रमों के तहत आने वाले जनपदों (हरिद्वार व उधमसिंह नगर) में सूचकांकों पर विशेष ध्यान दिए जाने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि नीति आयोग द्वारा चौथी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस के लिए 6 थीम निर्धारित की गई है। प्रत्येक थीम के लिए नोडल अधिकारी नामित कर दिए गए हैं। राज्य के नोडल अधिकारियों द्वारा केन्द्रीय नोडल मंत्रालयों द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों में प्रतिभाग किया गया है। अभी तक कुल 182 फीडबैक नोट्स मिले हैं। इस दौरान बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम, श्रीमती राधिका झा सहित सभी सचिव व वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी मौजूद रहे। वहीं मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने एम्स ऋषिकेश से आरम्भ होने वाली ऐरो मेडिकल सर्विस के सम्बन्ध में शीघ्र ही एसओपी को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए हैं। सीएस श्रीमती रतूड़ी ने एम्स ऋषिकेश से सभी जिलाधिकारियों, सीएमओ, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों व अन्य हितधारकों के साथ समन्वय कर अंतिम रूप से एसओपी तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को प्रेषित करने को कहा है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि एसओपी में राज्य के दुर्गम क्षेत्रों की गंभीर स्थिति वाली गर्भवती महिलाओं जिन्हें तत्काल आपात चिकित्सा सेवा की आवश्यकता हो, उन्हें एम्स की हेली इमरजेंसी मेडिकल सेवाओं का शीर्ष प्राथमिकता पर लाभ मिलना चाहिए। एम्स ऋषिकेश द्वारा जानकारी दी गई कि ऐरो मेडिकल सर्विस की एसओपी तैयार हो गई है। हेली इमरजेंसी मेडिकल सर्विस कॉल सेंटर स्थापित कर दिया गया है। हेल्पलाइन ऑडिट प्रोसिजर्स की गुणवत्ता सुधार पर कार्य प्रगति पर है। एम्स के मेडिकल स्टाफ व टीम की कैपिसिटी बिल्डिंग पर कार्य किया जा रहा है। बैठक में अपर सचिव श्रीमती सोनिका, श्रीमती नमामि बंसल तथा निदेशक एम्स ऋषिकेश प्रो. मीनू सिंह (वर्चुअल माध्यम) मौजूद रहीं।

## शहीदों के आश्रितों को सैनिक पुनर्वास संस्था देगी 10 लाख

देहरादून। देश के लिए बलिदान देने वाले उत्तराखंड के सैनिकों के आश्रितों को उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था 10 लाख रुपये देगी। वहीं, पूर्व सैनिकों और सैनिक आश्रितों का सेना, पुलिस या अर्द्धसैनिक बलों में चयन होने पर उन्हें प्रोत्साहन के रूप में 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। राजभवन की मंजूरी के बाद सैनिक कल्याण निदेशालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। उधर, पूर्व में राज्य सरकार भी सैनिकों के बलिदान पर आश्रितों को 50 लाख रुपये देने की घोषणा कर चुकी है। निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृत लाल (सेनि.) के मुताबिक पहले केवल भर्ती पूर्व प्रशिक्षण केंद्रों से सेना में भर्ती का प्रशिक्षण लेने वाले पूर्व सैनिक आश्रितों के सेना, पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों में चयन पर 20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती थी, लेकिन अब पूर्व प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण की बाध्यता को न सिर्फ हटा दिया गया है बल्कि प्रोत्साहन राशि को भी दोगुना कर दिया गया है। वहीं, पूर्व सैनिकों की मृत्यु पर आश्रितों को संस्था की ओर से अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपये अनुदान दिया जाएगा। पूर्व सैनिक आश्रितों को चिकित्सा, इंजीनियरिंग के साथ कानून की शिक्षा के लिए 50 हजार की छात्रवृत्ति, नॉन पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं को आकस्मिकता अनुदान 25 हजार रुपये हर साल दिए जाएंगे। जबकि पूर्ण रूप से दिव्यांग पूर्व सैनिकों को हर साल दो लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। जेसीओ रैंक तक के पूर्व सैनिक और सैनिक विधवाओं के आश्रितों को यह अनुदान राशि दी जाएगी। निदेशक सैनिक कल्याण के मुताबिक आर्थिक रूप से कमजोर पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को घर के रखरखाव के लिए भी एक लाख रुपये मिलेंगे। उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था की ओर से कक्षा एक से आठवीं तक के बालकों को हर साल 12 हजार रुपये और बालिकाओं को 15 हजार रुपये, आठवीं से स्नातकोत्तर तक बालकों को हर साल 20 हजार रुपये और बालिकाओं को 25 हजार रुपये छात्रवृत्ति दी जाएगी।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने पंतनगर विवि के छात्रावास में मारा छापा

## भोजन में कीड़ा मिलने की शिकायत पर हुई कार्यवाही, खाद्य सामग्री के नमूने लिये

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अभिहित अधिकारी खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ प्रकाश चन्द्र फुलारा ने बताया कि पन्तनगर विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के छात्रावास सुभाष भवन में रात्रि के भोजन में कीड़ा पाये जाने की व्हाटसप के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड, देहरादून ताजवर सिंह के द्वारा उपायुक्त कुमाँऊ मण्डल, अनोज थपलियाल को तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अपर आयुक्त एवं उपायुक्त के निर्देशों के क्रम में उक्त छात्रावास में खाद्य सुरक्षा विभाग जनपद ऊधम सिंह नगर की टीम द्वारा उक्त छात्रावास का औचक निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा मलका दाल, सूजी, बेसन, सोयासॉस, सब्जी मसाला, पोहा, नमक, चने की दाल, आटा, मैदा, साबूत धनिया, अजवाइन, पापड़, चीनी, चायपत्ती, गुलाब जामुन (मिक्स) के कुल 16 नमूने जांच हेतु लिये गये तथा अस्वच्छ एवं अस्व स्थ्यकर खाद्य पदार्थों के निर्माण में चालानी कार्यवाही की गयी। नमूनों को जांच हेतु राजकीय खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर एवं देवांश खाद्य प्रयोगशाला, रूड़की को प्रेषित किये जा रहे हैं। टीम में जिला अभिहित अधिकारी, डा० प्रकाश चन्द्र



फुलारा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अर्पणा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, आशा आर्या एवं पवन कुमार शामिल रहे। मौके पर छात्रावास वार्डन, मैनेजर एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि एफ०एस०एस०ए० एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप एवं अनुसूची 04 के अन्तर्गत साफ-सफाई युक्त स्वस्थ्यकर खाद्य पदार्थों का निर्माण कर ही छात्राओं को उपलब्ध करायें। जिला अभिहित अधिकारी द्वारा सभी छात्र छात्रावासों के वार्डन, मैनेजर, सुपरवाइजर एवं छात्र-छात्राओं से अपील की गई है कि निम्न गुणवत्ता, अस्वछकर एवं अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री को छात्र-छात्राओं को उपलब्ध न करायें यदि कोई ठेकेदार इस प्रकार का भोजन उपलब्ध कराते हैं तो इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा विभाग तथा टोल फ्री नम्बर 18001804246 पर कर सकते हैं। साथ ही आम जनमानस से भी अपील की गई है कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते/उपभोग करते समय निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का खाद्य लाईसेंस एवं पंजीकरण, स्वछता एवं स्वथ्यकर मानकों को अवश्य देख लें तथा अस्वछकर एवं अस्वस्थ्यकर, अवमानक खाद्य पदार्थों के विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 18001 804246 पर शिकायत करें।

# सीडीओ ने की बाल विकास विभाग की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विकास भवन सभागार में बाल विकास विभाग की समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय योजनाओं पर बिंदुवार समीक्षा करते हुये प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत द्वितीय प्रसव में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न प्राप्त करने पर समस्त सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिये की स्वास्थ्य विभाग के डाटा से मिलान कर पात्र लाभार्थियों को लाभ प्रदान करते हुये शत प्रतिशत लक्ष्य का पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने पोषण अभियान के अन्तर्गत पोषण ट्रेकर ऐप में सूचनाओं के शत प्रतिशत अंकन न होने पर त्रृटि रहित सूचना अंकित करने के निर्देश दिये गये है। उन्होने सुपरवाइजरों को समय-समय पर आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये ताकि योजनाओं की उचित गुणवत्ता एवं निगरानी की जा सकें व आनलाईन पोर्टल पर अंकित डाटा में निरंतर आ रहे अंतर को देखा जा सके और



सही डाटा समय पर अंकित किया जा सके। उन्होने राष्ट्रीय पोषण अभियान के अन्तर्गत सम्पूर्ण टी0एच0आर0 के सामाग्री की गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि उच्च गुणवत्ता की सामग्री आंगनबाड़ी के माध्यम से लाभार्थीयो को दिये जाये। इस दौरान जिला चिकित्सालय से डायटीसियन श्रीमती अंशु टंटन ने बच्चों को सम्पूर्ण आहार के बारे में जानकारी दी गयी एवं 6 माह से ऊपर के बच्चों को उनके शारीरिक विकास के अनुसार उचित आहार देने एवं सम्पूर्ण मिनिरलस विटामिन, आयरन के बारे में जानकारी दी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मनोज शर्मा, पीडी हिमांशु जोशी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, बिट्रानिया फाउन्डेशन, बाल विकास परियोजना अधिकारी व सुपरवाईजर आदि ने मौजूद थे।

# ऑन लाईन पेमेंट के नाम धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों शहर में एक ही दिन चार दुकानों से सामान लेकर दुकानदारों के साथ ऑन लाईन पेमेंट करने के नाम पर हजारों रूपयें की धोखाधड़ी करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गयार है। दर्ज रपट में मै0 अरोरा कन्फैक्शनरी के स्वामी अनिल अरोरा ने कहा है कि 6 सितम्बर को उनकी फर्म दुकान पर अज्ञात व्यकित सामान लेने आया और सामान का भुगतान फर्जी एप के द्वारा कर भुगतान का विवरण दिखाया। जिससे स्पष्ट हो रहा था कि उक्त व्यक्ति के द्वारा 6500 रूपये का भुगतान कर दिया गया। कार्य में व्यस्त होने के कारण अपना बैंक डिटेल चेक नहीं कर पायें। बाद में पता चला कि भुगतान उनके खाते में जमा नहीं हुआ है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये तो उस व्यक्ति का चेहरा दिखा और इसी व्यक्ति द्वारा अलग अलग समय पर सामान का भुगतान फर्जी एप के द्वारा किया गया। उक्त अज्ञात व्यक्ति के द्वारा भुगतान की गई रकम, खाते में नहीं आयी है। उस व्यक्ति द्वारा शहर के और फर्मों पर भी अलग-अलग समय पर समान को क्रय कर फर्जी एप से भुगतान किया गया है। जिनमें मै0 महेन्द्र किराना स्टोर, गोल मार्केट के स्वामी मनदीप सिंह नागपाल से नौ हजार रूपये, राजू किराना स्टोर, काशीपुर रोड़, ग्राम महेशपुर के स्वामी राजीव कुमार बठला से पांच हजार, दी केक एण्ड वेक्स स्थित घास मण्डी, आदर्श कालोनी के स्वामी प्रवीन कुमार अनेजा से 7,800 रूपये की धोखाधडी की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# भाजपा में सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान: भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान दक्षिणी मंडल के नेतृत्व में बूथ संख्या 148 नंद विहार कॉलोनी में रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंची राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की सह प्रभारी और इस अभियान की किया राम मंदिर बनाने का काम किया और भी बहुत सारे ऐतिहासिक निर्णय जनहित में लिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा के सांसद अजय भट्ट ने कहा कि मेरे जैसे एक साधारण कार्यकर्ता को पार्टी के विभिन्न दायित्व दिए और दूसरी बार लोकसभा का उत्तराखंड को दिया गया है उस लक्ष्य को कार्यकर्ताओं के दम पर अवश्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने देश को सशक्त बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाने का आह्वान किया ।कार्यक्रम का संचालन स्वाति तिवारी एवं सुनील उत्तम दत्ता, शालिनी बोरा, गीता भारद्वाज, मीना शर्मा, अर्चना राय, चंद्रकला राय, सारिका मुंजाल, पुष्पा ग्रोवर, रजनी रावत ,रश्मि रस्तोगी, देव मेनन, हरजीत राठी, अनुज पाठक, अनुज शर्मा, विजय तोमर, संदीप वाल्मीकि, अक्षय अरोड़ा, तरुण गुप्ता,





सदस्य श्रीमती रेखा वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को बनाने में बहुत सारे लोगों ने अपना जीवन लगा दिया एक समय ऐसा था एक समय भाजपा के दो सांसद हुआ करते थे और आज तीसरी बार देश के अंदर भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने धारा 370 हटाने का काम टिकट दिया। भारतीय जनता पार्टी सभी कार्यकर्ताओं को सम्मान देती है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में भाजपा के सदस्य बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जो भी लक्ष्य है ठुकराल में संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोहली ने की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री अमित नारंग, निवर्तमान मेयर रामपाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनिल चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना ,के के दास, दर्जा राज्य मंत्री राजेश जग्गा, प्रमोद शर्मा, निमित्त शर्मा, सीमा गुप्ता, गोविंद शर्मा, नरेश राठौर, दिलीप अधिकारी, मुकेश वशिष्ठ, नितिन कौशिक, संदीप मिश्रा, इंद्रेश मिश्रा, राजन राठौड़, विवेक दीप सिंह, जितेंद्र संधू ,जितेंद्र चौहान, बिट्टू चौहान, अमन विर्क, बिट्टू शर्मा, नत्थू लाल गुप्ता, राकेश सिंह, राजेश शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# रक्तदान कर एलआईयू कर्मी ने पेश की मानवता की मिसाल

बागेश्वर(उद संवाददाता)।रक्तदान महादान की थीम पर जरूरतमंद को रक्तदान देकर जीवनदान देने में अपना योगदान देने वाले लोग आजकल कम ही दिखते हैं, पर जिले की एलआईयू शाखा मेंमित्र पुलिस में तैनात हवलदार मनोज पांडे मित्र पुलिस के लिए भी एक मिसाल पेश कर रहे हैं।मनोज जो कि ए निगेटिव रक्त ग्रुप के रक्तदाता है, निगेटिब रक्त ग्रुप के होने के चलते जब भी उन्हें ए निगेटिब रक्त ग्रुप के किसी मरीज को रक्त की आवश्यकता पड़ने की सूचना मिलती है, सूचना मिलते ही वे तत्काल मानवीय सेवा के लिए मरीजों को जीवनदान देने के लिए रक्तदान हेतु पहुंच जाते हैं।वही कई बार वे तीन महीने से कम समय मे ही कई मरीजों को अपनी



जान की चिंता किए बगैर रक्तदान कर देते हैं।वही वे खुद रक्तदान हेतु लोगों को भी प्रेरित करते हैं।जिला अस्पताल में भर्ती एक मरीज को खून की आवश्यकता की सूचना पर वे ब्लड बैंक पहुँचे,जहाँ उन्होंने जरूरतमंद मरीज को रक्त उपलब्ध कराया। वही एलआईयू में तैनात कर्मी की नेकी देखकर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनकी सराहना की है।मालूम हो कि अब तक मनोज अपने जीवनकाल में अब तक 38बार रक्तदान कर चुके हैं।वही जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रक्त दानवीर मनोज पांडे को पुलिस और प्रशासन द्वारा समानित किए जाने की भी विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपील की है।

# जिला चिकित्सालय से बाईक चोरी

रूद्रपुर । अज्ञात वाहन चोरों ने गत रात्रि जिला चिकित्सालय में मरीज के साथ आये तीमारदार की मोटर साईकिल चोरी कर ली। आरोप है मामले की जानकारी तड़के पुलिस को देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्राम चंदुआ जंगल थाना खजूरिया रामपुर निवासी मौ. एहकम पुत्र लियाकत साह ने बताया कि उसका परिजन उपचार लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती है। वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 22 बीबी 5730 पर सवार होकर चिकित्सालय आया था। रात्रि 8 बजे तक उसकी मोटरसाईकिल खड़ी थी। इसके बाद प्रात: करीब 4 बजे वह चाय लेने के लिए बाहर आया तो उसने देखा उसकी मोटर साईकिल उस स्थान पर मौजूद नहीं है। उसने बाईक की खोजबीन करने के साथ ही मामले की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। यदि चिकित्सालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जाये तो वाहन चोर पकड़ा जा सकता है।

# आशिमा गोयल गदरपुर की नई एसडीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग-1 ने गदरपुर के एसडीएम गौरव पाण्डेय का तबादला कर उनके स्थान पर श्रीमती आशिमा गोयल को गदरपुर का नया एसडीएम नियुक्ति किया है। आईएएस अधिकारी आशिमा गोयल इससे पहले नैनीताल जनपद में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर रह चुकी हैं। वर्तमान में वह जनपद उधम सिंह नगर में प्रतीक्षारत थी। उन्हें अब गदरपुर एसडीएम के रूप में तैनाती दी गयी है। जबकि गदरपुर के एसडीएम गोरव पाण्डेय यहां से स्थानांतारित कर दिया गया है, उन्हें कहां भेजा गया है यह फिलहाल स्पष्ट नहीं किया गया है।

# भारी वर्षा के बीच शोभा यात्रा निकाल गणेश प्रतिमा की विसर्जित

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नव युवक संघ द्वारा हिमालय फार्म में आयोजित गणेश महोत्सव का गत दिवस समापन हुआ। भारी वर्षा के बीच श्रद्धालुओं ने भव्य शोभा यात्रा निकाली और रानीबाग स्थित गौला नदी में पूजा अर्चना के साथ जयघोषों के बीच प्रतिमा का विसर्जन किया। शोभा यात्रा आयोजन स्थल हिमालय फार्म बरेली रोड़ से प्रारम्भ हुई। जिसमें सोनू पुरी, रामनिवास, सन्नी सेठी, रोहित सक्सेना, मिंटू पुरी, दिव्यांशु राजपाल, हेंमंत शर्मा, सोनी शर्मा, विक्रम मनचंदा, अंकुर ओबराय, राजेश पुरी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रतिमा विसर्जन के बाद आयोजन स्थल पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया।



# डेंगू बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट ,जारी किए दिशा निर्देश

देहरादून। स्वास्थ्य मंत्री डा धन सिंह रावत ने प्रदेश में डेंगू के बढ़ने की संभावना के बीच सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं रेखीय विभागों के साथ समन्वय बनाते हुए डेंगू प्रभावित क्षेत्रों एवं प्रभावित इलाकों में माइक्रोप्लान के अनुरूप प्रभावी कदम उठाते हुए डेंगू पर नियंत्रण बनाया जाए। महानिदेशालय स्तर से प्रत्येक दिन इसकी निगरानी की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री डा धन सिंह रावत ने कहा कि डेंगू की रोकथाम को राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। यही वजह है कि इस वर्ष डेंगू नियंत्रण में है, फिर भी सावधानी की जरूरत है।प्रदेश के कुछ स्थानों में डेंगू संक्रमण के मामले आए हैं, इनकी बढ़ रही संख्या को देखते हुए चिकित्साधिकारियों को अलर्ट पर रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए लार्वा को समाप्त करने, फागिंग, छिड़काव व प्रचार-प्रसार के निर्देश पूर्व में ही दिए गए थे। इस क्रम में विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। अभी तक 31 लाख से अधिक घरों का सर्वे कर लार्वा निरोधात्मक कार्यवाही की गई है।


**आवश्यकता है**

रूद्रपुर में मां वैष्णो इंटरप्राईजेज डिस्ट्रीब्यूटर प्वाइंटर में कप्यूटर ऑपरेटर एवं मार्केटिंग के लिए सेल्स एक्जीक्यूटिव की।
वेतन योग्यतानुसार।
अनुभवी को वरीयता।
**-सम्पर्क करें-**
9837570100,8077318006

## भारी बारिश के बीच केदारनाथ धाम पहुंची कांग्रेस की 'केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा'

# केदारनाथ धाम की प्रतिष्ठा का अनादर करना महा पाप : माहरा





### प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने विभिन्न मुद्दों को लेकर उत्तराखंड की भाजपा सरकार पर जमकर किए सियासी प्रहार, पैदल यात्रा मार्गो की बदहाली खोल रही सरकार के दावों की पोल, श्रद्धालु हो रहे परेशान

देहरादून/रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में आयोजित केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा केदारनाथ पहुंच गई है। वहीं खराब मौसम के बावजूद शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं का दल पहुंचने पर जय बाबा केदार के जयघोषों के बीच यहां ध्वजारोहण एवं ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक करने के बाद यात्रा का विधिवत समापन किया गया है। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने तीर्थ पुरोहितों से मुलाकात कर आर्शीवाद मांगा। केदारनाथ धाम के महत्व को बचाने को लेकर कांग्रेसियों की दूसरे चरण की केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच यात्रा में शामिल कांग्रेसी देर शाम केदारनाथ पहुंची। अपनी पदयात्रा के दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बाबा केदारनाथ की मर्यादाओं एवं यात्रा मार्ग की अव्वस्थाओं सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदेश और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। प्रदेश अध्यक्ष ने केदारघाटी में हो रही भीषण आपदा को मंदिरों में मर्यादाओं को तोड़ने का प्रकोप भी बताया। गौरतलब है कि दिल्ली में केदारनाथ मंदिर निर्माण का कांग्रेस विरोध कर रही थी। कांग्रेस का कहना है कि केदारनाथ धाम का प्रतीकात्मक स्वरूप कहीं ओर नहीं बनाया जा सकता है। साथ ही कांग्रेस ने इसे बीजेपी की सनातन विरोधी मानसिकता करार दिया। कांग्रेस का आरोप है कि धर्म के नाम पर बीजेपी और उससे जुड़े लोग बिजनेस कर रहे हैं। दिल्ली में केदारनाथ मंदिर का शिलान्यास उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी से करवाया गया था। वहां केदारनाथ धाम से शिला भी ले जाई गई थी। जबकि केदारनाथ धााम के नाम पर श्रद्धालुओ से ऑनलाईन दान देने की अपील की गई। इसके विरोध में 24 जुलाई को हरिद्वार स्थित हरकी पैड़ी से कांग्रेस की ओर से केदारनाथ तक के लिए पदयात्रा शुरू की गई। इसे केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा का नाम दिया गया है। केदारनाथ में बारिश और 31 अगस्त की आपदा के चलते यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। इसे 12 सितंबर को दोबारा से आरंभ किया गया। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में केदारनाथ धाम के दूसरे चरण की यात्रा का शुभारंभ 12 सितंबर को रुद्रप्रयाग जिले के सीतापुर से शुरू किया गया था। कांग्रेस सेवादल की ओर से ध्वजबंधंन करते हुए राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के उपरान्त राष्ट्रीय गान गाया गया। ध्वजबंधंन के उपरान्त कांग्रेस के लगभग 250 कार्यकर्ताओं के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं सहप्रभारी सुरेन्द्र शर्मा की उपस्थित में केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा ने केदारबाबा के



जयकारों के साथ कूच किया। भारी बरसात के बावजूद यात्रा जारी रही और आगे बढ़ती रही। इस मौके पर करन माहरा ने कहा चाहे कुछ भी हो जाये अब यह यात्रा नही रूकेगी। उन्होंने कहा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का हौसला बुलन्द है। करन माहरा ने कहा जिस तरह से भाजपा सरकार ने केदारनाथ को बांटने का काम किया है। उससे सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों को ठेस पहुॅची है। उन्होंने कहा केदारबाबा का अनादर करना भाजपा को बहुत मंहगा पडेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए आये जनता का ध्यान भटकाने के लिए ऐसे हथकण्डे अपना रही है। विकास कार्य ठप पडे हैं। जहॉ-तहॉ वर्षा के कारण सरकार की नाकामियों की पोल खुल रही हैं। सरकार उससे बचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा सड़कों की हालात काफी दयनीय हो गई हैं। आये दिन सडकें ठीक ना होने के कारण रोज लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस तरफ सरकार का ध्यान नही है। राजधानी में स्मार्ट सीटी के नाम पर करोड़ों रूपया खर्च किया गया है। सड़कों में लबालब पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक विक्रम सिंह नेगी, पूर्व विधायक रंजीत रावत, ललित फर्सवाण, सेवादल की प्रमुख हेमा पुरोहित, प्रदेश महामंत्री महेन्द्र सिंह नेगी गुरुजी, प्रदीप थपलियाल, प्रवक्ता शीशपाल सिहं बिष्ट, पीसीसी सदस्य एवं यात्रा संयोजक राजपाल बिष्ट, जयेन्द्र रमोला, गोदावरी थापा, पिया थापा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित उनियाल, राकेश नेगी, राकेश राणा, दिनेश चौहान, अभिनव थापर, गिरीश पपनै, नवनीत सती यात्रा में शामिल रहे। द्वितीय चरण की केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा के दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने यात्रा मार्ग की स्थिति देखकर निराशा व्यक्त की। उन्होंने रास्ते में मिले स्थानीय निवासियों और यात्रियों से मुलाकात कर धामी सरकार के दावों और क्षेत्र की जमीनी हकीकत को समझाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष रूप से यह दिख रहा है कि सरकार और नीति निर्धारक केदारनाथ मंदिर की आस्थाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। निर्माण के नाम पर लगातार पहाड़ों को खोदा जा रहा है और शांत बाबा केदारनाथ को अशांत किया जा रहा है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भाजपा और धामी सरकार केदारनाथ मंदिर की मर्यादाओं को तार-तार कर रही हैं। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मंदिर की परंपरा और मर्यादा तोड़ी गई। कृष्णा माई की गुफा का नाम बदल दिया गया। पवित्र मंदिर की शिला को दिल्ली ले जाया गया। मंदिर के अंदर से 230 किलो सोने की चोरी से आम जनता की भावनाएं आहत हुई हैं लेकिन उसकी जांच तक नहीं की जा रही है। प्रदेश में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी इसे ही माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम बाबा केदारनाथ और भैरव जी से प्रार्थना करते हैं कि जिन्होंने मंदिर की मर्यादा और परंपरा तोड़ने का जघन्य पाप किया है, उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा केदारनाथ मंदिर को दिल्ली में बनाये जाने का प्रदेशवासियों ने पुरजोर विरोध किया है। धाम की महत्ता को बनाये रखने को लेकर कांग्रेस ने प्रतिष्ठा यात्रा निकाली गई है। इस यात्रा से आम जनता में भी संदेश गया है कि कांग्रेस ही देश के लिए समर्पित पार्टी है। उन्होंने कहा केदारनाथ विधानसभा में उपचुनाव होने हैं। इस बार विधानसभा की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। भाजपा की कथनी और करनी को जनता देख चुकी है। इस बार जनता भाजपा को बहुत बड़ा सबक सिखाने जा रही है। बदरी विशाल की धरती से भाजपा को नकार दिया गया है, अब बाबा केदार धरती भी भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। 31 जुलाई के बाद से केदारनाथ पैदल मार्ग से लेकर सोनप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे के बीच लगातार भूस्खलन हो रहा है। यहां पर सरकार तेजी से कार्य नहीं कर रही है, जिस कारण श्रद्धालु परेशान हैं।










# सदस्यता का लक्ष्य पूरा करने के लिए जुटें कार्यकर्ता: रेखा

## भाजपा उत्तराखंड सह प्रभारी और सांसद अजय भट्ट ने कई लोगों को दिलाई सदस्यता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भाजपा उत्तराखंड सह प्रभारी रेखा वर्मा एक दिवसीय प्रवास पर रुद्रपुर पहुंची, जहाँ उनके तय कार्यक्रम के अनुसार बूथ संख्या 97, उत्तरी मंडल के मौजूद रहे, उन्होंने रुद्रपुर आगमन पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा का अंग वस्त्र भेट कर स्वागत किया, वही सांसद भट्ट ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस समय पूरे देश मे सदस्यता काम करेंगे, सांसद अजय भट्ट बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों ओर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के कार्यों को जनता ने देखा है ओर हर क्षेत्र मे सदस्यता अभियान एक पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। भट्ट ने प्रभारी रेखा वर्मा ने भी सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया, उन्होंने कहा हम हर रोज अपने अपने बूथ पर लक्ष्य लेकर निकले ओर घर घर जाकर सम्पर्क के माध्यम से यह अभियान नवंबर तक चलने वाला है और उत्तराखंड में निकाय चुनाव भी जल्द होने वाले है ऐसे मे वार्डो मे चुनाव लड़ने वाले इच्छुक लोग इस अभियान मे अपने क्षेत्रों मे लोगो को सदस्यता अभियान से कार्यक्रम सयोंजक सुरेश कोली ने कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी गणमान्य लोग का आभार जताया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व मेयर सोनी कोली, सुखदेव नामधारी,







शैलजा फार्म पहुंची वहाँ सदस्यता अभियान के निमित्त उन्होंने बूथ संख्या 97 पर अनेको लोगों को मिस काल के माध्यम से भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। यह कार्यक्रम भाजपा नेता सुरेश कोलीं के कार्यालय पर आयोजित हुआ, जहाँ पार्टी कार्यकताओं द्वारा सह प्रभारी रेखा वर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र सांसद अजय भट्ट भी अभियान चल रहा है इसके निमित्त पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्त्ता बूथ बूथ, गांव-गांव सदस्य बनाने का कार्य कर रहे है, निश्चित रूप से हम अपने सह प्रभारी को विश्वास दिलाते है हम अपने अपने क्षेत्र मे एक एक व्यक्ति से सम्पर्क करते हुए उसको भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाने का कार्य करेंगे, वही हमको जो लक्ष्य शीर्ष नेतृत्व ने दिया है उससे कही आगे हम लोगो को भाजपा से जोड़ने का कहा कि वह स्वयं सदस्यता अभियान को लेकर लगातार पूरे लोकसभा क्षेत्र में जनप्रतिनिधि व संगठन के लोगों से वार्ता कर अभियान में तेजी लाने को कहा है, जिसके लिये स्कूल,कम्पनी व हर क्षेत्र मे प्रबुद्ध लोग हर वर्ग के व्यक्ति से सम्पर्क किया जा रहा है हमको पूर्ण विश्वास है हम इस अभियान मे सफलता हासिल करेंगे। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप मे आये राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तराखंड सह नये सदस्य बनाये है, उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का आह्वान है कि पूरे देश में दस करोड़ सदस्य बनाने हैं जिसके चलते रुद्रपुर प्रवास पर आना हुआ और वह यहां के कार्यकर्ताओं से पहले से परिचित है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिये गये लक्ष्य में सभी पूर्ण मनोयोग से लगेंगे और इस सदस्यता अभियान को सफल बनायेंगे। प्रभारी वर्मा ने कहा कि जोड़ें, जिससे उनका क्षेत्र आने वाला चुनाव की दृष्टि से मजबूत होगा। पार्टी जिसको भी टिकट देगी वह क्षेत्र से अवश्य विजयी होगा। उन्होंने वहाँ मौजूद लोगों को मिस काल के माध्यम से सदस्य बनाकर बूथ संख्या 97 पर इस अभियान की शुरुआत की, इससे पूर्व वह अपने तय कार्यक्रम के तहत ट्रांजिट कैंप में सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शामिल हुई, जहाँ अनेको लोगो को सदस्यता ग्रहण कराई। जिला महामंत्री अमित नारंग, भारत भूषण, भाजपा नेता सुरेश कोली, उपेन्द्र चौधरी, रश्मि रस्तोगी, फरजाना बेगम, ममता त्रिपाठी, महेंद्री शर्मा, तरुण दत्ता, गुन्नू चौधरी, बलाई विश्वास, राधेश शर्मा, प्रियंका विश्वास, मयंक कक्कड़, राज कोली, के के त्रिपाठी, विजय डे, शिवकुमार राय, अनिल कोली, प्रसादी लाल कोली, लालू कोली, किशन कोली, बब्लू सागर, वीरेंद्र तिवारी, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# वन कर्मियों पर फायरिंग का एक और आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गूलरभोज चौकी क्षेत्र पीपल पड़ाव जंगल में गश्ती वन कर्मियों पर फायरिंग करने में नामजद वन तस्करों में पुलिस दूसरा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे में एक तमंचा और दो कारतूस बरामद किए। पुलिस एक तस्कर को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अभी कई तस्कर फरार है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। गुरुवार को पुलिस कार्यालय में एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि छह सितंबर की शाम तराई केंद्रीय वन प्रभाग पीपल पड़ाव क्षेत्र में सागौन के पेड़ काट रहे तस्करों ने वन विभाग की टीम पर फायरिंग कर दी थी। इस दौरान हुई मुठभेड़ में रेंजर रूप नारायण गौतम, फारेस्टर हीरा सिंह और आरक्षी कमल सिंह, शुभम शर्मा गोली लगने से घायल हो गए थे। पुलिस ने तस्कर संगत



सिंह उर्फ संगी, गुरमीत सिंह उर्फ गेजी, सर्वजीत सिंह उर्फ छब्बी, संदीप सिंह और कुलदीप सिंह उर्फ किप्पी समेत छह-सात अन्य पर मुकदमा दर्ज तस्करों की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि आठ सितंबर को वन तस्कर गुरमीत सिंह उर्फ गेजी पुत्र टहल सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि नामजद संगत सिंह, सर्वजीत सिंह उर्फ छब्बी, संदीप और कुलदीप सिंह की तलाश शुरू कर दी थी। देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि एक तस्कर हरिपुरा तिराहा मसीत से होते हुए कहीं जा रहा है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान,एसओजी काशीपुर प्रभारी प्रकाश चंद भट्ट, एसआइ मुकेश मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। तस्कर पुलिस टीम को देख भाग रहे ग्राम मड़ैया हट्टू केलाखेड़ा निवासी सर्वजीत सिंह उर्फ छब्बी पुत्र छुवारा सिंह को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। एसएसपी ने बताया कि फरार चल रहे तीन नामजद समेत छह अन्य तस्करों की तलाश में जुट गई है।गिरफ्तारी के लिए संभावित जगहों पर दबिश दी जा रही है। एसएसपी ने बताया कि तस्कर कहीं भी छिपे हो पुलिस से बच नहीं सकते और गिरफ्तार कर तस्करों को उनकी जगह भेजा जाएगा। पुलिस टीम में बलवंत सिंह, दर्शन सिंह, पार्वती गोस्वामी के अलावा एसओजी से विनय कुमार, प्रदीप कुमार, कुलदीप सिंह, कैलाश तोमक्याल भी शामिल रहे। खुलासा करने के दौरान एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी काशीपुर अभय सिंह मौजूद थे।

# दो घरों से जेवर और नगदी समेत लाखों का माल चोरी

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में चोरों का आतंक थम नहीं रहा है। बंद पड़े मकान से चोरों ने सोने चांदी के आभूषणों सहित अन्य सामान को चोरी कर लिया



। जाफरपुर गांव निवासी कोकिला नेहरा ने थाने में तहरीर देकर कहा कि उसका वसुंधरा कॉलोनी में निवास है। वह परिवार सहित उज्जैन गईं हुई थी। जब वह वापस आईं तो देखा घर की खिड़की टूटी पड़ी थी। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी से 3 सोने की चैन, कान के झुमके, सोने के लॉकेट, चांदी की राखी, विदेशी घड़ी व 50 हजार की नगदी गायब थी। उन्होंने बताया सारा सामान लगभग 7 लाख रुपयों का था। उधर वार्ड 8 निवासी प्रेमवती पत्नी सुनील ने भी अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कहा वह 10 तारीख को कहीं घूमने गईं थी इस दौरान चोरों ने खिड़की तोड़कर अंदर रखे एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर, सोने की अंगूठी, सोने की चौन सहित 18हजार रुपये चोर चोरी कर ले गए। वार्ड 4 निवासी महेंद्र शर्मा पुत्र भूलन शर्मा ने भी अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर चोरी के खुलासे की मांग की है।

# छात्रों ने प्रभारी प्राचार्य का पुतला फूंका

खटीमा(उद संवाददाता)। हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कॉलेज में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रभारी प्राचार्य का पुतला फूंका। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य पर कई आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कॉलेज गेट पर पुतला फूंकते हुए एबीवीपी



कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रभारी प्राचार्य व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए कार्य कर रहे हैं। साथ ही उन पर कोरोनाकाल के दौरान भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। वहां नीरज धामी, पंकज गिहार, कशिश राणा, प्रियांशु राणा, सागर, करन राणा, कुनाल, दीपक, शरद आदि थे। इधर, प्रभारी प्राचार्य डॉ. गुरेंदर सिंह ने कहा कि कॉलेज उनके लिए परिवार की तरह है। पूर्व में विद्यार्थियों की ओर से की गई मांगों को पूरा किया जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# अजय भट्ट ने चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता वैन का किया निरीक्षण

रूद्रपुर। केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल की तरफ से चलाये जा रहे पोषण जागरूकता अभियान के दूसरे दिन सांसद उपस्थिति दे रही हैं। इसीलिए जरूरी है कि वो स्वस्थ रहें। सांसद ने सीबीसी की तरफ से लगाई गई चित्र प्रदर्शनी और दिन 10 नवजात बच्चों का अन्न प्रासन हुआ। मेहंदी प्रतियोगिता में आराधना यादव पहले, पूजा दूसरे, पुष्पा तीसरे स्थान रानी और उषा रानी को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा,विषय विशेषज्ञ डॉ माधवी





अजय भट्ट ने कार्यक्रम में शिरकत की। भट्ट ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी दमदार मल्टीमीडिया जागरूकता वैन का निरीक्षण भी किया। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज कुमार भट्ट ने बताया कि दूसरे पर रहीं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में सबसेअधिक महिलाओं को लाभ पहुंचाने वाली दीपा उप्रेती, संगीता मोदक, रफीना, अवस्थी,भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा गुंजन सुखीजा,कमलेन्द्र सेमवाल, सुरेश खुराना, कमल भट्ट, मुकुल चौधरी मौजूद थे।

# वार्डवासियों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

गदरपुर। पंजाबी कॉलोनी में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष सुखीजा ने बड़ी संख्या में वार्ड वासियों को सदस्यता दिलाई। इस दौरान गुंजन सुखीजा ने कहा कि जो भी भाजपा के सदस्य बनते हैं वह केवल सदस्य नहीं एक परिवार का हिस्सा बनते हैं क्योंकि भाजपा एक परिवार की तरह जनकल्याण की भावना रखते हुए समाज हित में कार्य करती है जिस कारण जनता की भावना भाजपा के



साथ जुड़ी हुई है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,पूर्व अध्यक्ष मंडी समिति सुभाष गुंबर, पूर्व गन्ना समिति अध्यक्ष राजेश गुम्बर, मंडल संयोजक अरविंद पाल, निवर्तमान सभासद मीनाक्षी श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ,निवर्तमान सभासद मनोज कुमार मिंटू, युवा मोर्चा अध्यक्ष मुनि भूसरी, मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश पाल,सुरेंद्र छाबड़ा ,नितिन रस्तोगी ,संतोष मिश्रा ,सुनील कालरा,रवि धवन,संजीव कालरा, कपिल गंडा, सोनू पोपली,काली ग्रोवर ,पवन कुमार ,राजेश पाल ,मीनू पाल, बिट्टू, मीरा ,राकेश गुलाटी ,मधु गुलाटी ,सुनील ,अंशु , रजनी बांगा ,गीता सक्सेना, हिमांशु आर्य आदि वार्डवासी उपस्थित रहे।

# संकीर्तन से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।बसंती मंदिर पूजा मैदान संजय नगर से अखंड हरी नाम संकीर्तन से पूर्व महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। बृहस्पतिवार को सुबह सैकड़ो महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर दुर्गा मंदिर से संपूर्ण संजय नगर की परिक्रमा करते हुए किच्छा बायपास रोड स्थित लेक पैराडाइज झील तक कलश यात्रा निकाली,जहां महिलाओं ने कलश में जल भरकर पुन: मंदिर तक यात्रा की, जहां कल से भव्य अखंड हरीनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में



विशेष रूप से उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने सम्मिलित होकर सभी को अखंड हरीनाम संकीर्तन की बधाई दी,उन्होंने कहा कि हमारा क्षेत्र कौमी एकता का गुलदस्ता है, और यहां हर जाति धर्म के लोग अपने-अपने तीज त्यौहार और धार्मिक अनुष्ठान बहुत ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते आए हैं। इस अवसर पर महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली ,निगम पार्षद प्रीति साना,बलाई विश्वास, कोजल गंगवार,ममता शर्मा, बलाई मंडल, सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बुजुर्गों का स्वास्थ्य बीमा

देश की आबादी में एक खासा हिस्सा उन लोगों का है, जो अपनी उम्र के साठ वर्ष पूरे कर चुके हैं। सामान्य जीवन और प्राकृतिक संरचना के मुताबिक भी इस उम्र में व्यक्ति का शरीर आमतौर पर कमजोर होता जाता है और कई बार बीमारियों से भी घिर जाता है। ऐसे मामले अक्सर देखे जाते रहे हैं, जिसमें किसी बुजुर्ग सदस्य को बीमारी में उचित इलाज सिर्फ इसलिए नहीं मिल पाता कि उनके पास चिकित्सक से परामर्श लेने और उपचार के लिए जरूरी खर्च का पैसा नहीं होता। ऐसे में या तो उन्हें आसपास से ऋण लेकर अपना उपचार कराना पड़ता है या फिर उचित इलाज के बिना उनकी सेहत और खराब होती चली जाती है। इस लिहाज से देखें तो केंद्र सरकार ने जिस तरह आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करते हुए सत्तर वर्ष या उससे ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को भी पांच लाख रुपए तक के स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने को मंजूरी है, वह एक दूरगामी महत्त्व का फैसला है। सरकार के इस फैसले के धरातल पर उतरने के बाद देश के छह करोड़ से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों को इसका लाभ मिल सकेगा। यह छिपा नहीं है कि हमारे यहां बुजुर्गों की आबादी के सामने अपने जीवन और स्वास्थ्य को लेकर कैसी चुनौतियां रही हैं। यह भी जगजाहिर है कि उम्र बढ़ने के साथ और खासतौर साठ वर्ष या इससे ज्यादा की आयु में पहुंचने के बाद ज्यादातर बुजुर्ग स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की चुनौतियों से जूझते रहते हैं। मगर उनके जीवन का यही वह दौर है, जिसमें उनकी नियमित आय का जरिया अमूमन बंद हो चुका होता है। खासतौर पर जिन लोगों के पास संगठित क्षेत्र में काम करने की सुविधा नहीं रही होती है, उसमें भी संतोषजनक राशि की पेंशन नहीं होती है। इसलिए आमतौर पर अपने न्यूनतम जरूरतों के खर्च के लिए भी वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भर होते हैं। ऐसे मामले छिपे नहीं हैं, जिनमें बीमार होने की स्थिति में किसी बुजुर्ग के साथ उनके परिजन अच्छा व्यवहार नहीं करते या कई बार उन्हें बोझ मानने लगते हैं और उनकी उपेक्षा करते हैं। ऐसे में इस बात की जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही थी कि देश की बुजुर्ग आबादी की सेहत पर ध्यान देने के लिए सरकार अपनी ओर से कोई ठोस पहल करे। कुछ समय पहले आए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि शहरी इलाकों में रहने वाले लगभग पचास फीसद बुजुर्ग आर्थिक मुश्किलों और अन्य तरह की चुनौतियों की वजह से जरूरत के वक्त चिकित्सकों के पास नहीं जा पाते हैं। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या ज्यादा व्यापक है, जहां बासठ फीसद बुजुर्गों के सामने आर्थिक और अन्य बाधाएं खड़ी होती हैं, जिनकी वजह से उन्हें बीमारी की स्थिति में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर मामलों में यह एक दुखद सामाजिक हकीकत है कि कई बार पारिवारिक उपेक्षा के शिकार बुजुर्गों को सरकार की ओर से भी सामाजिक सुरक्षा के रूप में कोई विशेष सुविधा नहीं मिल पाती है। ऐसे में केंद्र सरकार ने जिस आयुष्मान भारत योजना के दायरे में सत्तर वर्ष या इससे ज्यादा के बुजुर्गों को भी लाने की घोषणा की है, उसके बाद न केवल सहायता का एक रास्ता तैयार होगा, बल्कि बुजुर्गों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में भी बदलाव आने की उम्मीद पैदा होगी। कहा जा सकता है कि जीवन के जिस दौर में व्यक्ति को सबसे ज्यादा चिंता अपने स्वास्थ्य खर्च को लेकर होती है, उसे दूर करने की दिशा में सरकार ने एक अहम फैसला लिया है।

# वक्फ संशोधन बिल से होगा अतिक्रमणकारियों व भू माफियाओं को लाभ

## वक्फ अधिकरण का निर्णय अंतिम होने का प्रावधान समाप्त करने से मुकदमेबाजी को मिलेगा बढ़ावा

काशीपुर(उद संवाददाता)। केन्द्र सरकार द्वारा लोकसभा से प्रस्तुत, प्रवर समिति के समक्ष लम्बित वक्फ संशोधन विधेयक पास होने से अतिक्रमण कारियों व भू माफियाओं को लाभ होगा तथा इससे अल्पसंख्यकों के धार्मिक मामलों में प्रबंधन के मूल अधिकार सहित अनुच्छेद 25, 26, 28, 29 व 30 का हनन होगा। इससे मुकदमेंबाजी को बढ़ावा मिलेगा तथा हिन्दू व अन्य धर्मों के धार्मिक कार्यों में गैर हिन्दुओं को आरक्षण देने की मांग को बढ़ावा मिलेगा। उक्त कथन 45 कानूनी पुस्तकों के लेखक व अनुभवी अधिवक्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने संसदीय समिति को भेजे गये वक्फ (संशोधन) विधेयक को पारित होने योग्य न होना घोषित करने की मांग करते हुये किये है। श्री नदीम के अनुसार सभी पुराने वक्फ का पुनः रजिस्ट्रेशन के लिये छः माह के भीतर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य करने तथा राजस्व अभिलेखों में वक्फ के रूप में दर्ज न होने या विवादित होने वाली सम्पत्तियों का रजिस्ट्रेशन न होने, इस्लाम धर्म का 5 वर्ष से कम समय से पालन करने वालों के वक्फ करने पर रोक लगाने, वक्फ में उत्तराधिकारियों के अधिकारों को समाप्त करने पर रोक लगाकर एक प्रकार के वक्फ का औचित्य ही समाप्त करने तथा परिसीमा अधिनियम के प्रावधान लागू करके पुराने अतिक्रमण




की गयी वक्फ सम्पत्तियों में धर्मार्थ अधिकारों को समाप्त करने, सरकारी विभागों सरकारी निगमों, स्थानीय निकायों आदि द्वारा किये गये वक्फ सम्पत्तियों पर कब्जे को सरकारी सम्पत्ति घोषित करके उनको वक्फ सम्पत्ति से बाहर करने से वक्फ सम्पत्ति के अतिक्रमणकारियों को बढ़ावा व लाभ होगा। यह प्रभाव इस बिल से वक्फ अधिनियम की धारा 3, 4, 36, 52क में संशोधन तथा धारा 104, 107, 108, 108क का प्रावधान समाप्त करने का होगा। श्री नदीम ने स्पष्ट किया कि वर्तमान रूप से वक्फ संशोधन विधेयक कानून बनने से अतिक्रमित वक्फ सम्पत्तियों के सम्बन्धित अतिक्रमण कारी मालिक हो जायेंगे। छः माह में रजिस्ट्रेशन न करा पाने वाली वक्फ सम्पत्तियां तथा 12 साल से अधिक समय से अतिक्रमित वक्फ सम्पत्तियों तथा सरकार, स्थानीय निकायों या सरकार के नियंत्रण के अन्य निकायों के कब्जे की वक्फ सम्पत्तियां वक्फ सम्पत्तियां नहीं रह जायेगी और इनके वक्फ अधिकारों को लागू नहीं कराया जा सकेगा। इस प्रकार अतिक्रमण कारियों को लाभ होगा और धार्मिक सम्पत्तियों पर कब्जा करने वाले भू माफियाओं को अवैध लाभ प्राप्त होगा। वक्फ सम्पत्तियों जिसमें मस्जिद, मदरसें, मकबरे, कब्रिस्तान आदि धर्मार्थ कार्यों की सम्पत्तियां शामिल होती है, के प्रबन्धन इसके नियंत्रण को बने केन्द्रीय वक्फ परिषद तथा राज्य वक्फ बोर्डों में कम से कम दो सदस्यों के गैर मुस्लिम होने तथा का प्रावधान करके तथा वक्फ ट्रिब्युनल में मुस्लिम विधि के ज्ञाता के सदस्य होने इनमें गैर मुस्लिमों को आरक्षण दे दिया गया है। इसके अतिरिक्त वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुस्लिम होने के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है। इससे जहां वक्फ की धमार्थ सम्पत्तियों का धर्मानुसार प्रबन्धन का मूल अधिकार का हनन होगा, वहीं हिन्दू मंदिर, मठों व अन्य सम्पत्तियों के प्रबधन में गैर हिन्दुओं को आरक्षण देने की मांग उठने लगेगी इससे नये विवादों को बढ़ावा मिलेगा। यह प्रभाव इस बिल से वक्फ अधिनियम की धारा 9, 11, 23, 32, 83 में संशोधन तथा धारा 20क का प्रावधान समाप्त करने का होगा। वक्फ के मामले ट्रिब्युनल के निर्णय के बाद भी अन्य सामान्य दीवानी मामलों के समान न्यायालयों के विवादों में फंसे रहेंगें क्योंकि बिल से धारा 6, 33, 52, 55क, 64, 67, 72 तथा 73 में संशोधन होने से वक्फ अधिकरण का निर्णय अंतिम नहीं रहेगा। इसके अतिरिक्त धारा 108क का वक्फ अधिनियम का अधिभावी प्रभाव समाप्त करने से वक्फ सम्पत्ति के मामलों में कानूनी दांवपेंच बढ़ेंगे।

# 1.5 करोड़ से दो सड़कों तथा तीन कब्रिस्तानों में होगा निर्माण: बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा पूर्व में लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज से किच्छा विधानसभा की जर्जर हो चुकी सड़कों के पुनर्निर्माण किए जाने हेतु आग्रह किया गया था तथा कुछ सड़कों की सूची प्रस्तुत की गई थी। इनमें से दो सड़कों की स्वीकृति सतपाल महाराज द्वारा प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत नारायणपुर में अंबेडकर द्वारा से नारायणपुर कोठा तक मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य जिसकी लंबाई 1.5 किलोमीटर तथा लागत 42.37 लाख, ग्राम छिनकी में डॉक्टर लाड्डी क्लीनिक के सामने से वीरूनगला तक ( वीरूनगला- छिनकी मार्ग के शेष भाग ) मार्ग का पीसी द्वारा पुनर्निर्माण कार्य जिसकी लंबाई 885 मी० तथा लागत 42.07 लाख रुपए है का निर्माण कार्य कराया जाएगा, इन दोनों कार्यो की वित्तीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग को दे दी गयी हैं। बेहड़ ने कहा कि किच्छा विधानसभा में विकास के क्रम में उनके द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को किच्छा विधानसभा के अल्पसंख्यक क्षेत्र में कब्रिस्तानों के निर्माण कराए जाने की मांग की गई थी तथा सूची प्रस्तुत की गई थी। मुख्यमंत्री द्वारा उनकी मांग का संज्ञान लेते हुए किच्छा विधानसभा के अल्पसंख्यक क्षेत्र में से 63.35 लाख की लागत से तीन कब्रिस्तानों का निर्माण कराया जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत ग्राम दरऊ कब्रिस्तान में टीन शैड व फर्श एक, नल इंडियन मार्का का निर्माण कार्य, लागत 21.17 लाख, सिरौलीकलां कब्रिस्तान में टीन शैड व फर्श, एक नल इंडियन मार्का का निर्माण कार्य, लागत 21.17 लाख रूपये, ग्राम छिनकी कब्रिस्तान में टीन शैड व फर्श, एक नल इंडियन मार्का का निर्माण कार्य लागत 21.01 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। विधायक बेहड़ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज का विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु आभार व्यक्त किया।

# युवा पत्रकार अनुश्री भारद्वाज पंचतत्व में विलीन

काशीपुर(उद संवाददाता)। सुरगीलाल न्यूज चैनल की एंकर एवं युवा पत्रकार अनुश्री भारद्वाज का पार्थिव शरीर आज पंचतत्व में विलीन हो गया। गंगे बाबा रोड स्थित श्मशान घाट पर युवा पत्रकार को परिजनों ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर मौजूद सभी की आंखें नम रही। बता दें कि दो दिन पूर्व साथी पत्रकार मानिक के साथ सुरागी लाल न्यूज चैनल की एंकर अनुश्री भारद्वाज मोटरसाइकिल पर सवार होकर पीरुमदारा से वापस काशीपुर की ओर लौट रही थी इसी दौरान तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अचानक मार्ग में एक गाय से टकरा गई। एक्सीडेंट इतना जोरदार था कि बाइक पर पीछे सवार युवा पत्रकार अनुश्री भारद्वाज सिर के बाल सड़क पर गिरकर बेहोश हो गई। इस दौरान बाइक चालक मानिक को भी गंभीर चोटें आई। दोनों लहूलुहान हालत में काफी देर तक सड़क पर पड़े रहे। बताया जा रहा है कि इस दौरान काशीपुर निवासी व्यापार मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष दीपक वर्मा के पुत्र ने उधर से आते हुए दोनों को घायलावस्था में गाड़ी में डालकर उपचार के लिए मुरादाबाद



रोड स्थित सहोता अस्पताल पहुंचाया।। हेड इंजरी के कारण अनुश्री भारद्वाज को तत्काल उपचार के लिए मानपुर रोड स्थित उजाला हॉस्पिटल ले जाया गया। ऑपरेशन के बाद जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए आज तड़के लगभग 3:00 बजे युवा पत्रकार ने दम तोड़ दिया। बता दे कि बड़े ही कम समय में दिवंगत अनुश्री भारद्वाज ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई थी। वह निर्विवाद रही। पत्रकारिता के साथ ही एक युवा कवयित्री के रूप में भी उसकी पहचान थी। मीडिया सेंटर से जुड़े पत्रकारों समेत शहर के जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवियों को जैसे ही इसका पता चला लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। आज गंगे बाबा रोड स्थित श्मशान घाट पर युवा पत्रकार अनुश्री भारद्वाज का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। इस मौके पर मीडिया सेंटर से जुड़े सभी पत्रकारों के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के जन प्रतिनिधि एवं बड़ी तादाद में समाजसेवियों की मौजूदगी दर्ज रही। वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव ने असमय घटित घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे अपूर्णनीय क्षति बताया। उन्होंने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और कहा कि हमारे बीच से एक ऐसा व्यक्तित्व चला गया जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। वहीं रोड एक्सीडेंट में घायल युवा पत्रकार मानिक की हालत सहोता अस्पताल में खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायल युवा पत्रकार मानिक के हाथ, सिर, मुंह तथा सीने में गंभीर चोट है।

# रूद्रपुर में युवाओं के लिए केयर गिवर कोर्स का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ओजस्विनी फाउण्डेशन द्वारा रूद्रपुर में युवाओं के लिए पैरामेडिक्स केयर गिवर कोर्स का शुभारम्भ किया गया। जिसका उद्घाटन डीडीएम नावार्ड उधम सिंहनगर राजीव प्रियदर्शी एवं स्टेट हेट बाश लि. रोहित गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। संस्था के चेयरमैन आरपी सिंह ने बताया कि ओजस्विनी फाउण्डेशन द्वारा युवाओं को स्वावलम्बी बनाने के



लिए बहुत सारे रोजगारपरक प्रशिक्षण का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में युवाओं एवं युवतियों के लिए तीन माह का केयर गिल वर (नर्सिंग) कोर्स का शुभारम्भ किया गया है। इस अवसर पर बॉश कम्पनी के सीएसआर प्रतिनिधि रोहित गुप्ता ने बताया कि बॉश कम्पनी का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को रोजगारपरक प्रघशिक्षण देकर उनको आर्थिक रूप से सशक्त और आत्म निर्भर बनाना है। प्रथम बैच में कुल 25 युवतियों ने भाग लिया। इस अवसर पर नवीन त्यागी, नीतू वर्मा, ईदू, महक शिवानी, अर्पिता, दीक्षा, अंजली आदि उपस्थित थे

# सामाजिक संस्था के अध्यक्ष को किया जिला बदर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक सामाजिक संस्था के अध्यक्ष के खिलाफ पुलिस ने जिला बदर की कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर



कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने आदतन अपराधी कांता प्रसाद गंगवार उर्फ केपी गंगवार निवासी पहाड़गंज को तीन माह के लिए जनपद उधम सिंह नगर की सीमा से बाहर करते हुए जिला बदर की कार्रवाई की। रम्पुरा पुलिस चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने बताया कि केपी गंगवार को तीन महीने के लिए जिला बदर किया है। अगर जनपद की सीमा या शहर में में दिखाई देने पर जिला बदर की कार्रवाई के उल्लंघन में जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

# नशे के इंजेक्शनों के साथ दो तस्कर दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता) पुलिस टीम ने गत सायं चैकिंग के दौरान बाईक सवार दो नशा तस्करों को नशे के प्रतिबंधित इंजेक्शनों को ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक कौशल भाकुनी पुलिस कर्मियों कानि. विनोद खत्री, गणेश पाण्डे के साथ रामपुर नैनीताल रोड पर ब्लाक के रोड कट पर चैकिंग कर रहे थे तभी रामपुर की तरफ से बिना नम्बर की बाईक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिये। पुलिस को चैकिंग करता देख वह मोटर साईकिल को पीछे मोडकर भागने का प्रयास करने लगे। शक होने पर टीम ने पीछा कर उन्हें




पकड लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता इरशाद अहमद पुत्र रईश अहमद निवासी गोदी थाना खजूरिया जिला रामपुर तथा वकील पुत्र अकील अहमद निवासी ग्राम गोदी थाना खजूरिया जिला रामपुर बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से अलग अलग तरह के कुल 108 नशे के प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद हुए। बरामद बाईक के कागजात भी वह नहीं दिखा पाये।

# ट्रांजिट कैम्प में चोरों ने उड़ाई बाईक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अंजली विहार ट्रांजिट कैम्प में घर के आगे खड़ी बाईक अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सूरज पाल पुत्र गिरवर दयाल हाल निवासी जनपद रोड, अंजली विहार फुलसुंगा ट्रांजिट कैम्प मूल निवासी ग्राम अण्डाह थाना दूरिया कलां जिला पीलीभीत ने कहा है कि 9 सितम्बर को सांय उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 26एएन1382 को घर के बाहर खड़ा कर लॉक लगा दिया था। 10 सितम्बर कोसुबह 4 बजे उठकर देखा तो उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी। जोकि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी है।

# पंडित राम सुमेर शुक्ला ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को छाता बांटी









रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सुबह से हो रही लगातार बारिश के कारण शहर में यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में जुटे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के समक्ष कई चुनौतियां खड़ी हो गईं। इन परिस्थितियों को देखते हुए, पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला और ट्रस्टी श्रेयांश शुक्ला के नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्थानों पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को छाता भेंट किया। इसके साथ ही, ट्रस्ट ने उन ठेली और फड़ वालों की भी मदद की जो अपनी रोजी-रोटी के लिए बारिश में भीग कर अपने सामान बेचने को मजबूर थे। इन सभी मेहनतकश लोगों को भी ट्रस्ट की ओर से छाते वितरित किए गए। बता दें पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट न केवल लोगों की आर्थिक और सामाजिक मदद करता है, बल्कि पर्यावरण के प्रति भी जागरूकता फैलाने का कार्य करता है। पिछले दो महीनों से ट्रस्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम को समर्थन देते हुए 10 हजार से अधिक फलदार और छायादार पौधे वितरित कर चुका है। ट्रस्ट के सदस्य गांव-गांव जाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं और उन्हें अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण की रक्षा करना है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाना भी है। ट्रस्ट के सदस्यों का कहना है कि समाज के हर वर्ग की मदद करना और पर्यावरण को संरक्षित करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है, और वे इस दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस प्रकार के सामाजिक और पर्यावरणीय कार्यों के जरिए पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है कि किस तरह सेवा और समर्पण से समाज में बदलाव लाया जा सकता है।

# होली मैदान में श्री गणेश के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। देव भूमि सामाजिक मंच द्वारा होली मैदान में आयोजित किये जा रहे गणेश महोत्सव के दौरान गत सायं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें जग्गी एंड पार्टी रूद्रपुर के भजन गायक कलाकारों द्वारा श्री गणेश भगवान के भजन गाकर सारा वातावरण भक्तिमय कर दिया गया। भारी बरसात के बीच भजन गायक जग्गी ने भजनों को गाकर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं को भक्ति में डूबो दिया। सभी तालियां बजाते हुए नाचने लगे। सारा पंडाल गणपति महाराज के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। इससे पूर्व आयोजन स्थल पर विधिवत पूजा अर्चैना की गईऔर छप्पन भोग लगाया गया। इस दौरान देवभूमि सामाजिक मंच के अध्यक्ष मिंटू गुप्ता, राजकुमार आनन्द, अजय कृष्ण गोयल , विजय गुप्ता, पंकज अग्रवाल, किशोर वार्ष्णेय, सन्नी आनन्द, हिमांशु वार्ष्णेय, राजकुमार केसरवानी, मंगल, पवन गुप्ता, गणेश साहू आदि मौजूद थे। अंत में पुरोहित भुवन चन्द भट्ट द्वारा पूजा, आरती कर शिव प्रसाद वितरित किया गया। आज प्रातः पं. भुवन चन्द्र भट्ट द्वारा पूजा अर्चना के साथ हवन यज्ञ करवाया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। प्राचीन शिव मंदिर कमेटी द्वारा गत सायं कृष्ण मैरिज हॉल से भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गई । जिसमें शामिल भक्तों ने जयघोषों के साथ भागीदारी की। रात्रि में आयोजन स्थल पर श्री खाटू श्याम का दरबार सजाया गया। जिसमें बरेली से आये भजन गायक कलाकारों ने बाबा के कई सुन्दर भजन गाये। गायक कलाकार विवेक शर्मा के गाये भजनों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में डूब गये। इस मौके पर सोनू नागर, हरिमोहन अरोरा, डीके गुप्ता, पदमपाल, लाला जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, शिव कपूर, अशोक सिंधी, दीपांशु शर्मा, हेमंत साहू ,हरीश नाथ गोस्वामी आदि मौजूद थे।







# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कल 14 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद में 14 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक रूद्रपुर सहित वाह्य स्थित दीवानी न्यायालयों काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर, सितारगंज एवं किच्छा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि 14 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के वादों का निस्तारण किया जाएगा जैसे- भरण पोषण, धारा 138 एन0आई0एक्ट, धन वसूली, आपराधिक शमनीय व सिविल श्रम विवाद, विद्युत व जलकर बिल से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त न्यायालयों में लम्बित शमनीय प्रकृति के आपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम संबंधी वाद, विद्युत व जलकर बिल संबंधी वाद, वैवाहिक वाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वाद, भुगतान व भत्तों से संबंधित सर्विस के मामले, जिला न्यायालय में लम्बित राजस्व वाद एवं अन्य सिविल मामले (किरायेदारी, सुखाधिकार, व्यादेश) आदि मामलों का निस्तारण किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को अपने लम्बित मामले को सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते है तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर अपना मामला निस्तारित करवा सकते है। उन्होंने जनता से अपील करते हुये कहा कि जो भी व्यक्ति अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते हैं तो वे 14 सितम्बर से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में संबंधित न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर में या दूरभाष संख्या 05944-250682, हैल्प डेस्क नं0- 94115 31449 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# सीमा विस्तार को लेकर मांगी आपत्तियां

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला मजिस्ट्रेट उदयराज सिंह ने बताया कि वर्ष 2019 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पश्चात कुछ नये नगरीय निकायों के गठन/सीमा विस्तार के कारण कुछ ग्राम पंचायत क्षेत्रों के नगरीय निकायों में सम्मिलित किये जाने के फलस्वरूप ग्राम पंचायतों का अस्तित्व समाप्त होने या अस्तित्व में आने से कुछ क्षेत्र पंचायतों व जिला पंचायतों में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र भी प्रभावित हुए हैं, जिन्हें पुनः व्यवस्थित किया जाना है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पुनः परिसीमन की कार्यवाही उत्तराखंड पंचायतीराज अधिनियम 2016 के अनुसार किया जायेगा। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि क्षेत्र पंचायत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में किसी भी कार्य दिवस में आपत्तियां विकासखंड कार्यालय, जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय तथा जिलाधिकारी कार्यालय में की जा सकती हैं, जबकि जिला पंचायत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में आपत्तियां किसी भी कार्य दिवस में जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय तथा जिलाधिकारी कार्यालय में की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि प्रश्नगत आपत्तियां शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर ही प्रस्तुत की जा सकेंगी। आपत्तियों का निस्तारण जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा। जिला मजिस्ट्रेट ने क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारण के संबंध में समय सारणी भी निर्धारित की । उन्होंने बताया कि क्षेत्र पंचायतों/जिला पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के पुर्नपरिसीमन हेतु प्रस्तावों की तैयारी 13 सितंबर से 17 सितंबर 2024 तक, प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सूची का अनन्तिम प्रकाशन 18 सितंबर को, प्रस्तावों पर आपत्तियां का आमंत्रण 19 सितंबर से 23 सितंबर तक, आपत्तियों का निस्तारण 24 सितंबर से 25 सितंबर तक, अन्तिम प्रकाशन 26 सितंबर को तथा क्षेत्र पंचायतों/जिला पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सूचियां निदेशालय में27 सितंबर 2024 को उपलब्ध करायी जायेंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायतों/जिला पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्गठन/पुनः परिसीमन की समस्त कार्यवाही निर्धारित समय सारणी के अनुसार ही सम्पन्न करायी जायेगी।

## पेज एक का शेष...

**केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से ...**का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने 104 दिन पहले यानी 2 जून को अंतरिम जमानत की मियाद पूरी होने के बाद सरेंडर किया था। माना जा रहा है कि वे आज ही जेल से बाहर आ सकते हैं। दरअसल, केजरीवाल ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में अपनी गिरफ्तारी और जमानत से दिल्ली हाईकोर्ट के इनकार को चुनौती देते हुए दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। पीठ ने पांच सितंबर को केजरीवाल की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीबीआई ने इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख को 26 जून को गिरफ्तार किया था। जस्टिस कांत ने कहा कि तर्कों के आधार पर हमने 3 प्रश्न तैयार किए हैं। क्या गिरफ्तारी अवैधता थी? क्या अपीलकर्ता को नियमित जमानत दी जानी चाहिए? क्या आरोप पत्र दाखिल करना परिस्थितियों में इतना बदलाव है कि उसे ट्रायल कोर्ट में भेजा जा सके? उन्होंने आगे कहा कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को गिरफ्तार करना कोई गलत बात नहीं है। हमने पाया है कि सीबीआई ने अपने आवेदन में उन कारणों को बताया है कि उन्हें क्यों ये जरूरी लगा। धारा 41ए (पपप) का कोई उल्लंघन नहीं है। हमें इस तर्क में कोई दम नहीं लगता कि सीबीआई ने धारा 41ए सीआरपीसी का अनुपालन नहीं किया। उन्होंने कहा कि जमानत पर हमने विचार किया है। मुद्दा स्वतंत्रता का है। लंबे समय तक कारावास आजादी से अन्याय के बराबर है। फिलहाल हमे लगता है कि केस का नतीजा जल्द निकलने की संभावना नहीं है। सबूतों और गवाहों से छेड़छाड़ को लेकर अभियोजन पक्ष की आशंकाओं पर विचार किया गया। उन्हें खारिज करते हुए हमने निष्कर्ष निकाला है कि अपीलकर्ता को जमानत दी जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अपीलकर्ता मामले के बारे में सार्वजनिक रूप से कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करेगा। ईडी मामले में लगाई गई शर्तें इस मामले में भी लागू होंगी। वह ट्रायल कोर्ट के साथ पूरा सहयोग करेगा। फैसला सुनाते हुए जस्टिस भुइयां ने कहा कि गिरफ्तारी की आवश्यकता और समय पर मेरा एक निश्चित दृष्टिकोण है। इसलिए मैं इस दृष्टिकोण से सहमत हूं कि अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि ईडी मामले में अपीलकर्ता को नियमित जमानत दिए जाने के बाद ही सीबीआई सक्रिय हुई और हिरासत की मांग की। इस तरह की कार्रवाई गिरफ्तारी पर गंभीर प्रश्न उठाती है। जहां तक गिरफ्तारी के आधारों का सवाल है तो ये गिरफ्तारी की आवश्यकता को पूरा नहीं करते हैं। सीबीआई गिरफ्तारी को उचित नहीं ठहरा सकती है और टालमटोल वाले जवाबों का हवाला देते हुए हिरासत जारी रख सकती है। आरोपी को दोषपूर्ण बयान देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इन आधारों पर अपीलकर्ता को हिरासत में रखना न्याय का उपहास है, खासकर तब जब उसे अधिक कठोर पीएमएलए में जमानत दी गई है।

**दुकान से लाखों के ...**पड़ा है। उसे संदेह हुआ कि कुछ चोरों द्वारा उसकी दुकान में चोरी कर ली गई है जिसकी सूचना आसपास के व्यापारी और पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई। तुषार बाला ने बताया कि उसके यहां नए पुराने और रिपेयर के लिए आए लाखों रुपए के मोबाइल चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए। तुषार बाला ने दुकान में हुई चोरी की एक तहरीर पुलिस को सौंपी है। थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है।

**मूसलाधार बारिस ने ..**बरसात के चलते किच्छा रोड़, काशीपुर रोड़, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, भदईपुरा, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौक,अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, दूधिया नगर, पीएसी परिसर, निकटवर्ती ग्राम डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, भूरारानी, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार, फाजलपुर महरोला आदि क्षेत्रों में भी जलभराव होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि बाजार क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था सुचारू हो जाने से जलभराव नहीं हुआ जिससे व्यापारियों के साथ ही बाजार में खरीददरी करने आये लोगों को पहले की तरह परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वहीं लोगों का मानना है कि यदि हो रही वर्षा जल्द ही नहीं रूकी तो कल्याणी नदी के किनारे रहने वाले परिवारों के सामने मुश्किलें काफी बढ़ जायेंगी।

**मिठाई में निकला...**लिखे जाने तक स्वीट्स के मालिक से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया । मामले को लेकर खाद्य विभाग की आशा कार्य का कहना है कि अगर ग्राहक के पास सैंपल के लिए वह मिठाई है तो मिठाई का सैंपल लेकर उसकी जांच करवाई जायेगी। मामला सही होने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**कई पेड़ और...** विभाग के अधिकारी व एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के प्रयास में जुटे हुए हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'भूविज्ञानियों की चेतावनियों' को कब तक किया जाएगा 'दरकिनार'

## दरकती जमीन और खिसकते पहाड़ों के बीच सामने आ रहे भूस्खलन के नए क्षेत्र, उत्तराखंड में चिन्हित किए गए भूस्खलन के पचास ऐसे नए क्षेत्र ,जहां पहले कभी नहीं हुआ भूस्खलन, कुमाऊं मंडल भी भूस्खलन से नहीं रहा अछूता





-अर्श-

देहरादून। उत्तराखंड में भूस्खलन की समस्या दिनों दिन गहराती जा रही है लेकिन प्रदेश में विवेकहीन विकास का सिलसिला रुक नहीं रहा है। विवेकहीन एवं अवैज्ञानिक विकास की होड़ का सीधा असर उत्तराखंड के पहाड़ों पर पड़ रहा है । हाल के कुछ वर्षों में राज्य के पहाड़ी क्षेत्र में तकरीबन 50 ऐसे सक्रिय भूस्खलन क्षेत्र सामने आए हैं, जहां पहले कभी भूस्खलन नहीं हुआ। पिछले एक से दो साल के दौरान विकसित हुए कुछ भूस्खलन क्षेत्र तो ऐसे हैं, जिसमें अब तक कई लोग अपनी जान तक गंवा चुके हैं और काफी लोग अभी भी लापता हैं। भू-धसाव एवं भूस्खलन की भयावह स्थिति अभी तक गढ़वाल मंडल में ही थी, लेकिन अब कुमाऊं में भी भूस्खलन नए जोन सक्रिय हो गए हैं । इनमें से एक तो सितंबर की शुरुआत में ही मुनस्यारी (पिथौरागढ़) के रलगाड़ी में हुआ। यह ऐसी जगह हुआ है जहां पहले कभी भूस्खलन नहीं हुआ था। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि भू विज्ञानियों की चेतावनी एवं सलाह को दरकिनार कर नए-नए भूस्खलन क्षेत्र के निर्माण का मार्ग उत्तराखंड में कब तक प्रशस्त किया जाता रहेगा? बताना होगा कि देश के कई बड़े भू वैज्ञानिक हिमालय के कच्चे पहाड़ों पर अवैज्ञानिक निर्माण तत्काल रोकने एवं उत्तराखंड के पहाड़ों की भार वहन क्षमता आकलन करने की सलाह एक अरसे से देते चले आ रहे हैं और गुजरे दिनों हिमालय दिवस के मौके पर वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी में आयोजित एक कार्यशाला में तकरीबन सभी वक्ताओं ने एक बार फिर हिमालय क्षेत्र में अवैज्ञानिक विकास से बचने की सलाह दी है। आईआईटी पटना के निदेशक टीएन सिंह ने कार्यशाला के अपने संबोधन में कहा कि हिमालयी क्षेत्रों के शहरों में पहाड़ों की भार वहन क्षमता का आकलन करके ही निर्माण होना चाहिए, साथ ही खतरनाक ढलानों की स्थिरता की जांच के बाद ही निर्माण की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने पहाड़ों में सुरंगों का निर्माण करते समय भूविज्ञानियों का परामर्श लेने की जरूरत बताई। इस दौरान विशेषज्ञों ने हिमालय में निर्माण के लिए स्थायित्व की जांच करते हुए मैदानी क्षेत्रों की पहचान करने की बात भी कही। संस्थान के पूर्व निदेशक एमजी ठक्कर ने हिमालयी क्षेत्र में भूकंप के खतरों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि भूकंपरोधी निर्माण सुनिश्चित करना अब बेहद जरूरी हो गया है ।उन्होंने हिमालयी क्षेत्रों में कमजोर ढलानों पर निर्माण से बचने की सलाह दी। साथ ही कहा कि हिमालय में निर्माण के लिए मैदानी क्षेत्रों की पहचान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल में 60 साल से बड़े भूकंप नहीं आए हैं। ऐसे में हमें अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में सात मैग्निट्यूट के भूकंप आने की आशंका से इकार नहीं किया जा सकता। इस मौके पर संस्थान निदेशक प्रो। एमजी ठक्कर का कहना था कि हिमालय विश्व की सबसे युवा पर्वत श्रृंखला है, जिसके संरक्षण में विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं। कार्यशाला में संस्थान के पूर्व निदेशक पदम वीसी ठाकुर ने बताया कि भूस्खलन के नए मानचित्र बनाने के लिए लिडार तकनीक का प्रयोग करने समयअब आ गया है चाहिए,ताकि समूचे हिमालय क्षेत्र में पहाड़ों की सतही जानकारी हासिल हो सके। भू वैज्ञानिकों की उपरोक्त सलाह को उत्तराखंड सरकार कितनी गंभीरता से लेती है ? यह तो आने वाला समय बताएगा ,लेकिन राज्य में बनाई जा रही जो वेदर रोड पहाड़ के अस्तित्व के लिए फिलवक्त नित्य नए संकट पैदा कर रही है ।ऑलवेदर रोड के निर्माण के लिए पर्यावरण को साइड लाइन पर रखकर पहाड़ काटने के जो तरीके अपनाए जा रहे हैं उन्होंने पर्वतों की सेहत को खराब कर दिया है । सुरंग और सड़क आदि के निर्माण में पहाड़ को काटने और भेदने के लिए जब विस्फोट किया जाता है ,तो उससे 400 मीटर दूर तक के पहाड़ कांपते हैं। सही तकनीकी के अभाव में विस्फोट की 50 प्रतिशत ऊर्जा पत्थरों को तोड़ने के बजाय बाहर की तरफ जाकर बर्बाद हो जाती है। वैज्ञानिक पहाड़ों की सुरक्षा के लिए शॉक कंट्रोल आधारित नोनल डेटोनेशन सिस्टम का प्रयोग कर इस कंपन को काफी हद तक कम किए जाने की पैरवी कर रहे हैं , लेकिन सरकार फिलहाल इस खतरे को लेकर उदासीन नजर आ रही है ,लिहाजा विभिन्न पर्यटक स्थलों पर अनियोजित और अंधाधुंध तरीके से बहुमंजिला इमारतों का निर्माण पर्वतों की बीमारी में और भी इजाफा कर रहे हैं । रही सही कसर बढ़ती आबादी के कारण ध्वस्त होती ड्रेनेज व्यवस्था ने पूरी कर दी है।

# तेज हवाओं के साथ बारिश से कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति ठप

## किच्छा क्षेत्र में भी 52 पेड़ गिरने से 42 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त, फाल्ट ठीक करने में जुटा बिजली विभाग

किच्छा(उद संवाददाता)। लगातार हो रही बारिश ने बिजली आपूर्ति का फ्यूज उड़ा दिया। शुक्रवार को आंधी-बारिश के चलते जगह-जगह पेड़ गिरने से बिजली के खंभे, 11 और 33 केवी,सहित घरेलू विद्युत की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। कई इलाकों में 24 घंटे से ज्यादा समय से बिजली गुल है। व्यवस्था सामान्य होने में अभी समय लगने की बात कही जा रही है। देर शाम चार बजे से शुरू हुई तेज हवा के साथ बारिश के बाद से ही लाइनों पर पेड़ गिरने और लोकल फॉल्ट का सिलसिला शुरू हो गया था। लगातार बारिश के कारण कई स्थानों पर हुए फॉल्ट को भी बृहस्पतिवार तक ठीक किया। किच्छा क्षेत्र में भी 52 पेड़ गिरने से 42 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए जिससे लाखों रुपए का विद्युत विभाग को नुकसान हो गया है इसके अलावा किच्छा क्षेत्र में सितारगंज से दी जाने वाली सप्लाई भी प्रभावित हुई जिसमें किच्छा क्षेत्र का बरा खासा प्रभावित रहा किच्छा विद्युत विभाग के एसडीओ डीसी गुरुरानी ने बताया कि 2 दिन से हो रही बारिश के चलते बृहस्पतिवार को बारिश के साथ चली आंधी ने किच्छा विद्युत केंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में 42 पोल क्षतिग्रस्त कर दिए इन पोलो पर 52 पेड़ गिरे हैं जिन्हें काटकर विद्युत लाइन सुचारु करने का काम तीव्र गति से किया जा रहा है। देर रात्रि में भी वर्षा के चलते हुए 12 विद्युत पोलों को सही करके विद्युत आपूर्ति दी गई। वहीं प्रातः तक 22 पोल लगा दिए गए थे तथा 60% विद्युत आपूर्ति चालू कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि अपराह्न तक क्षेत्र में कुछ इलाकों को छोड़कर विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से चालू कर दी जाएगी उन्होंने यह भी बताया कि अवर अभियंता ओम कुमार एवं विद्युत विभाग के सभी कर्मचारियों द्वारा भारी बारिश के बीच में कार्य किया जा रहा है इसके अलावा देहात की बिजली की आपूर्ति बिगाड़ दी। ग्रामीण क्षेत्र में सबसे ज्यादा लाइनें फाल्ट हुई हैं। बरा उपकेंद्र क्षेत्र में तो बिजली चालू करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी रही है। बिजली कर्मियों की टीम को बाढ़ के भरे पानी में घुसकर लाइन को दुरूस्त करना पड़ रहा है। झमाझम बारिश के बीच बरा उपकेंद्र क्षेत्र में आपूर्ति बहाल के लिए बिजली कर्मी छाता लेकर काम कर रहे है। बारिश लगातार हो रही है उससे काम करने में भी दिक्कतें आ रही है। बरा उपकेंद्र की बिजली बारिश के चलते सबसे ज्यादा बाधित हुयी है। मुख्य लाइन में फाल्ट आ गया। कई जगह पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित हो गई। कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति बंद चल रही है। ऐसे में बरा उपकेंद्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं बारिश के साथ ही कर्मियों ने कमान संभाल ली और बारिश के दौरान फाल्ट दुस्त करते नजर आए। हरे पेड़ों की टहनियां जो तार के पास थीं उनको भी काटा गया। बरा उप केंद्र के लाइनमैन रूपचंदपाल, विरेन्द्र कुमार, विक्की राजू, तारक आदि देर शाम से लाइन ठीक कराने में लगे है।

लगातार बारिश के बीच फॉल्ट ठीक करने के दौरान सुरक्षा का भी ध्यान रखा जा रहा है। ऐसे में फॉल्ट ठीक करने में कुछ समय लग रहा है। कई स्थानों पर 11 और 33 केवी लाइन भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। आपूर्ति पूरी तरह सामान्य करने के लिए सभी लाइन मेन को निर्देशित किया गया है साथ ही बरा क्षेत्र की सप्लाई चालू कर दी जाएगी शांतिपुरी, अलीपुर क्षेत्र की 11केवी लाइन पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बंद है लेकीन से शाम तक चालू कराने की कोशिश रहेगी।
**-ओमकार कौशिक,अवर अभियंता बरा**



# मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली,दूसरा फरार

रुड़की(उद संवाददाता)। कोतवाली मंगलौर के नहर पटरी के पास नसीरपुर कलां-पुरकाजी मार्ग पर देर रात हरिद्वार पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश के गोली लगी है। वहीं, दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। बदमाश की तलाश में कांबिंग जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही आलाधिकारी भी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि



बदमाश कुछ दिन पूर्व कोतवाली मंगलौर के लिबब्हरेडी लूट मामले में लिप्त थे। सूचना पर पुलिस पहुंची तो बदमाश वहां से भागने लगे और पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस दौरान क्रॉस फायरिंग में एक बदमाश को गोली लगी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएसपी ने भी अस्पताल पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस की गोली से घायल हुआ बदमाश 50 वर्षीय मेहराज पुत्र कमरुद्दीन गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़ का रहने वाला है।एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने कहा कि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। जल्द ही उसे भी पकड़ लिया जाएगा।

# धाधा फार्म में 70 एकड़ सरकारी भूमि पर प्रशासन ने लिया कब्जा

किच्छा(उद संवाददाता)। राजस्व विभाग की टीम ने धाधा फार्म में 70 एकड़ सरकारी भूमि पर कब्जा ले लिया।प्रशासन की कार्रवाई से मौके पर हड़कंप मच गया। टीम ने भूमि की नपाई कर अपने कब्जे में लिया। वर्ष 1994 में चकबंदी अधिकारी ने धाधा फार्म में लगभग 70 एकड़ बंजर एवं नदी की भूमि को खातेदारों के नाम दर्ज कर भूमिधरी का अधिकार दे दिया था। इसके बाद वर्ष 1997 में बंदोबस्त अधिकारी ने पूर्व के आदेश को निरस्त कर दिया था। इसके बाद यह मामला विभिन्न न्यायालय में विचाराधीन चल रहा था। गुरुवार को न्यायालय अपर जिलाधिकारी के आदेश के आने के बाद एसडीएम कौस्तुभ मिश्र की अगुवाई में राजस्व, चकबंदी और पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर 70एकड़ भूमि पर कब्जा ले लिया। लगातार हो रही भारी वर्षा के बावजूद भी उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र के नेतृत्व में राजस्व विभाग ,चकबंदी विभाग ,पुलिस विभाग सहित तमाम प्रशासनिक आला अधिकारियों को साथ में लेकर मौके पर पहुंच कर भूमि की नप नपाई की गई तथा निशानदेही करके सरकारी भूमि पर खूंटे गाड़ कर भूमि को कब्जे में लिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से जहां अवैध कबजे दारों में हड़कंप मचा हुआ है वही पूर्व के अधि



कारियों द्वारा भूमि को अन्य लोगों के नाम किए जाने पर भी सवाल उठे हुए हैं। हालांकि अधिकतर मामले न्यायालय में विचाराधीन है। उप जिलाधिकारी ने कहा कि खुर्द-बुर्द की गई सरकारी भूमि को न्यायालय एवं सरकार के आदेशों के अनुपालन में राजस्व विभाग अपने कब्जे में ले रहा है तथा अभी जिन क्षेत्रों में भूमि को खुर्द करने के प्रकरण चल रहे हैं वहां पर भी न्यायालय और सरकार के आदेशों के अनुपालन में भूमि को कब्जे में लेकर लैंड बैंक बनाया जाएगा जो कि आम जनता के विकास के लिए एक मील का पत्थर होगा। उन्होंने कहा कि किसी को भी अवैधानिक तरीके से सरकारी भूमि को कब्जे में रखने का अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन व्यक्तियों को नियमानुसार सरकार द्वारा भूमि दी गई है उस पर प्रशासन और शासन कोई भी कार्यवाही नहीं करेगा किंतु जिन लोगों के पास अनधिकृत तरीके से सरकारी भूमि है। उसे शासन प्रशासन मुक्त कराकर विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन में उपयोग करेगा। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि सरकारी भूमि के सदुपयोग हेतु वे शासन प्रशासन का सहयोग करते रहें ताकि क्षेत्र में विकास के लिए नए आयाम खोले जाएं।कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही के इस मौके पर तहसीलदार गिरीश चंद त्रिपाठी, नायाब तहसीलदार संदीप सिंह, चकबंदी राजस्व निरीक्षक गोपाल राम, राजस्व उपनिरीक्षक शेखर आर्या, दीपक सिंह और कलकत्ता पुलिस चौकी इंचार्ज धीरेन्द्र पंत पुलिस बल के साथ मौके पर रहे। जिन लोगों से सरकारी भूमि कब्जे में ली गई उन में मुख्य रूप से अब्दुल सलाम, मौ0 इब्राहिम पुत्रगण, मौ0 हारुन पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम धाधा तहसील किच्छा शामिल रहे।